तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 80,334.81 निफ्टी 24,273.80
सोना 1,00,000 चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 9 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 188 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत-पाक के बीच बढ़ती शत्रुता पर जताई चिंता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने लगाया 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

जय हिंद

## पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई, भारत ने किए सभी हमले नाकाम

# F 16 समेत तीन पाक लड़ाकू विमान मार गिराए

## लाहौर पर जवाबी हमला

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान के लाहौर शहर में भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमला किया गया है। इस हमले के बाद लाहौर में अचानक ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और पूरे क्षेत्र में सेना और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान ने हाल ही में कटरा स्थित तीर्थ स्थल पर ड्रोन हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय रक्षा तंत्र ने इस हमले को नाकाम कर दिया। यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव को दर्शाता है, जहां पहले से ही कई सुरक्षा अलर्ट जारी हैं। इन हमलों के बाद, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लेह में भी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। लोग अपने घरों में रहकर सुरक्षा की दिशा में कदम उठा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री ने नियंत्रण रेखा और सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति की गहरी समीक्षा की है, ताकि किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का प्रभावी जवाब दिया जा सके। भारत सरकार ने राजस्थान में सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। राज्य में सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान व जम्मू में भी धमाके की आवाज सुनी गई। वहां भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 जेट को मार गिराया है। वहीं एक बार फिर पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, भारत ने आठ मिसाइल मार गिराई हैं। जम्मू के साथ ही पाकिस्तान की ओर से पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है। भारत ने 24 घंटे से कम समय में पाकिस्तान को दूसरा सबक सिखाया है। जम्मू में ड्रोन देखे जाने के बाद लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। धमाके की आवाज के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट है। जम्मू के साथ ही सांबा, आरएसपुरा, अखनूर में भी ब्लैकआउट है। जम्मू में अलर्ट जारी किया गया है।जम्मू शहर के आसपास लोगों ने दो ड्रोन आकाश में उड़ते हुए देखे। इस बीच जम्मू- कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने एक पोस्ट में कहा है कि जम्मू में पूरी तरह से ब्लैकआउट। जोरदार धमाके- बमबारी, गोलाबारी या मिसाइल हमले की आशंका। चिंता न करें। बहादुर भारतीय सशस्त्र बल हमारे साथ हैं। वहीं राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रखने के आदेश दिए गए थे। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।



**पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया**

## पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, अब तक 16 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित अब तक 16 लोगों की जान चली गई है। जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली की ध्वस्त

**सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की नाकाम**

**अवंतीपोरा, श्रीनगर , जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला , जालंधर , लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा और चंडीगढ़ समेत 15 सैन्य ठिकाने थे निशाने पर**

**भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाक में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर किया हमला : रक्षा मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस से मिल एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये इस हमले को नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ध्वस्त कर दी।

इसके लिए इजरायल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सात और आठ मई की दरमियानी रात में पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को भारत की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर हमला किया। इन हमलों में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पाकिस्तान की नष्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबे को बरामद किया जा रहा है, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है।



## सीमाओं पर एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात



**नई दिल्ली।**भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

**600 किमी दूर टारगेट ट्रैक कर लेता है एस-400 सिस्टम**

## भाजपा सांसद दुबे की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

## सीजेआई ने जस्टिस वर्मा मामले में राष्ट्रपति व पीएम को भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसके साथ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया प्रति संलग्न की गई है। उच्चतम न्यायालय की ओर से गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की दिनांक 3-5-2025 की रिपोर्ट की प्रति और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त दिनांक 6-5-2025 का पत्र/प्रतिक्रिया संलग्न है।

## मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला 31 जुलाई को

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र में नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोटों के करीब 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला आगामी 31 जुलाई तक टाल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एके लाहोटी ने पहले फैसले के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के कारण उन्होंने इसे 31 जुलाई तक टाल दिया। इस मौके पर अदालत के समक्ष भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त), मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर धर द्विवेदी सहित मुकदमे में नामजद सभी सात आरोपी उपस्थित हुए।

## माओवादियों के विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**मुलुगु।** तेलंगाना में वीरभद्रपुरम-पेरुर के जंगलों में गुरुवार को माओवादियों की ओर से किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए।

## जयशंकर ने की ईरान व सऊदी अरब के मंत्रियों से किया मशविरा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ गुरुवार को यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन यदि हम पर हमला हुआ, तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भी भारत आए हैं और गुरुवार दोपहर विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 20वीं बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष रखा। डा. जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में भारत आ रहे हैं, जब हम 22 अप्रैल को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक विशेष रूप से बर्बर आतंकवादी हमले का जवाब दे रहे हैं। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए मजबूर किया।

**अगर पाक ने भारत पर हमला किया, तो देंगे सख्त जवाब: जयशंकर**

## भारत-पाक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत हुई है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार श्री डार ने यहां कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक और भारत में उनके समकक्ष अजीत डोभाल के बीच संपर्क हुआ है। उन्होंने हालांकि इस बाबत कोई ब्योरा नहीं दिया। पाकिस्तान ने हाल ही में खुफिया आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। भारत ने हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले श्री डार ने पाकिस्तान नेशनल असेंबली भवन में कहा कि पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वह आक्रामकता शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तान का यह बयान बुधवार की सुबह भारत द्वारा आतंकवादी शिविरों पर सीमा पार से किए गए हमलों के बाद आया है। यह हमला पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस बीच, श्री डार ने यह भी दावा किया कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी और भारतीय लड़ाकू विमानों के बीच 'एक घंटे का द्वंद्व' हुआ था, लेकिन इस दावे का भी भारत ने समर्थन नहीं किया है।

**भारत ने दावे की पुष्टि नहीं की**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है।

रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि संकट में हम देश और सरकार के साथ हैं। सरकार की कोई आलोचना नहीं करनी है। हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

**सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला सभी दलों का साथ, राहुल ने कहा: सरकार को फुल सपोर्ट**

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स बंद, 430 फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई (आज) तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं।

ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3 फीसदी है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का 17 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।




## गलत, फर्जी सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए मोदी ने की सचिवों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय मजबूत करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देश में गलत एवं फर्जी सूचनाओं के प्रवाह पर रोक लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गई है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर




### हादसे पर धामी ने जताया शोक, जांच के आदेश

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार सुबह सिटी कोतवाली थाने के पास मदान मार्केट के एक भवन में अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिससे भवन की छत ढह गई एवं दुकानों में कार्यरत कर्मचारी मलबे में दब गए। विस्फोट से आग भी लग गई। हादसे में दस घायलों को मलबे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मलबे से शाम को एक और शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि कल सचिन सोनी, मोहम्मद असलम और सलमान बंगाली की मौत हुई। वहीं गुरुवार को अस्पताल में एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जबकि मलबे से पांच शव और निकाले गए। पुलिस ने बताया कि इनकी शिनाख्त किशन पुत्र पूनम, किशन पुत्र भंवर, रामस्वरूप, असलम, लालचंद और अयान के रूप में हुई है। विस्फोट से भवन में 21 दुकानें नष्ट हो गयी। आग लग जाने से दुकानों में कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में लगी आग

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे 200 मेगावाट की दो इकाइयां दसवीं व ग्यारहवीं ट्रिप कर गई। तापीय परियोजना के सूत्रों के अनुसार ओबरा तापीय परियोजना के सुबह सात बजे आग लग गई। थोड़ी ही देर मे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही दसवीं व ग्यारहवीं यूनिट (200-200 मेगावाट) बंद हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान व फायर विंग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गए थे। लगभग 10 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया की आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पहली प्राथमिकता बंद इकाइयों को शुरू करने का है। इस घटना से किसी आमजन या कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई: नवीन

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें कई आतंकवादियों के मारे जाने और उनके ठिकाने नष्ट होने की सूचना है। नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। मैं उन्हें तहे दिल से बधाई देता हूं।

## यूपीपीएससी के 494 सहायक अध्यापकों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

# भारत की ताकत की झलक पूरी दुनिया ने देखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है, तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है।

लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण करने के मौके पर उन्होने कहा कि भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया। मिनी स्टेडियम की लागत 4.92 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम में 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब तथा 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। योगी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील की दुनिया बदल चुकी है, हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी।

हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने क्षेत्र में नवाचार, शोध और विकास के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में वह कौन से परिवर्तन ला सकते हैं, कौन सी तकनीक अपना सकते हैं, जो नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की दिशा तय कर सके। वह इन बातों का अध्ययन करें कि पढ़ाने का तरीका क्या हो सकता है। पाठ्यक्रम उबाऊ न हो, आपकी क्लास उबाऊ ना बने, इसके लिए आपको छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से उन्हें पढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की, जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी।

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को नहीं छोड़ेंगे



■ मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम को शिलान्यास किया, आज की जरूरत के अनुसार अपने युवाओं को तैयार करना होगा: सीएम

### 25 लाख नए किसानों का जल्द बनेगा क्रेडिट कार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा प्रदान की है, वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इस कार्य के अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### हर घर नल योजना में नहीं देना होगा पैसा

**सारा खर्च यूपी सरकार उठाएगी योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था**

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत भरी घोषणा की है। अब 'हर घर नल' योजना के तहत ग्रामीणों को नल कनेक्शन के लिए सामुदायिक अंशदान यानी अपनी जेब से 10 प्रतिशत पैसा नहीं देना होगा। यह खर्च अब पूरी तरह से राज्य सरकार उठाएगी। इस फैसले से राज्य के 2.39 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। इस योजना को केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत लागू किया गया है, जिसका लक्ष्य है कि देश के हर ग्रामीण घर में साफ पेयजल की सुविधा नल के माध्यम से पहुंचे। अब तक इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है। इस योजना में पहले गांव वालों को पूंजी लागत का हिस्सा सामुदायिक अंशदान के रूप में देना होता था। सामान्य गांवों में यह 10 प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल गांवों में 5 प्रतिशत निर्धारित था, लेकिन अब सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने यह अंशदान खुद वहन करने का फैसला लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष 2024-25 में यह राशि 2000 करोड़ रुपये थी, जिसे अब दोगुना से अधिक कर दिया गया है। हालांकि नल कनेक्शन की पूंजी लागत सरकार वहन करेगी, लेकिन ग्रामीणों को नल की देखरेख और संचालन के लिए अपनी ग्राम पंचायत को हर महीने सिर्फ 50 रुपये देने होंगे।

## बैठक में मोदी का न आना निराशाजनक, लेकिन हम साथ

नई दिल्ली, वार्ता



■ दूसरी सर्वदलीय बैठक में भी पीएम मोदी नहीं आए: खड़गे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले को लेकर उठाए गए कदमों तथा सेना की कार्रवाई के बाद सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई लेकिन इसमें मोदी गुरुवार को भी शामिल नहीं हुए, जो अत्यंत निराशाजनक स्थिति है।

सर्वदलीय बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सरकार ने दूसरी बैठक बुलाई, लेकिन मोदी न पहली बैठक में आए और ना ही आज शामिल हुए। अच्छा होता कि मोदी आते, क्योंकि सभी चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया और देश के जवानों ने हिम्मत दिखाई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। खड़गे ने कहा कि हम चाहते थे कि मोदी बैठक में शामिल हों और आतंकवादियों के खिलाफ की कार्रवाई पर अपनी बात रखेंगे, लेकिन वह नहीं आए।पिछली बैठक में भी नहीं आए, यह बहुत दुखद स्थिति है। सब मिलकर काम कर रहे हैं और सरकार जो भी कदम उठा रही है, उसका एकस्वर में समर्थन कर रहे हैं। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस वक्त ऐसे प्रश्न न पूछे जाएं जो डिफेंस सीक्रेट से जुड़े हैं, ऐसे वक्त में हम उन्हें सार्वजनिक करना नहीं चाहते। हम सभी पार्टियों ने भी देशहित में इसे गंभीरता से लेकर इस विषय में कोई प्रश्न नहीं पूछा।

सभी ने कहा कि नाजुक घड़ी है, तो प्रश्न नहीं पूछेंगे। फिर हमने न कोई सवाल किया और ना ही इसको लेकर सरकार पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि बैठक में हम सभी एक मुद्दा उठाया कि पुंछ क्षेत्र की सीमा पर रहने वाले लोगों की पुख्ता सुरक्षा होनी चाहिए। सरकार वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा की व्यवस्था करे। वहां नागरिक प्रशासन और लोगों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। यह संकट की घड़ी है और इसमें देशहित में जो भी कदम उठाए जाएंगे, उसके लिए हम सरकार का समर्थन करते हैं।

## मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट सौंप दो सत्ता, पाक का मिटा देंगे नामोनिशान

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब पाक पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म: एआईएमआईएम

ऑपरेशन सिंदूर के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक नेता ने कहा है कि मुसलमानों को सिफ 15 मिनट सत्ता सौंप दो, पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे। एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद किया जाता है। भारत के मुसलमानों ने इस टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट कर दिया और इसके बाद देश को बनाने में इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है, वह अविस्मरणीय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब जमई ने कहा कि मंगलवार रात भारत की कार्रवाई जो इतिहास में दर्ज हो गई। बहुत बड़ा मील का पत्थर है। बहुत दिनों से पाकिस्तान में जो आतंकवादी ढांचा है, कैंप है, उसका नेस्तानाबूद होना जरूरी था। जो भी आंखें, जो भी ताकत हमारी सीमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उन ताकतों को नेस्तानाबूद करना, उन आंखों को नोचना जरूरी है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का जिक्र करते हुए कहा कि जब बात भारत के आन-बान शान पर आती है, तो भारत का हर मुसलमान अपना बलिदान देकर सीमा की हिफाजत करने के लिए तैयार है। जमई ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के पीएम को ही नहीं, यहां के सभी लोगों को चैलेंज किया था। अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म। धर्म पूछकर पहलगाम में लोगों को मारा, क्योंकि उनकी साजिश थी कि देश में हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा की जाए, लेकिन यहां के लोग इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। वहीं एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने भी पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान पर गुस्से से लाल हैं। पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद के नारे लगाए हुए उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। ओवैसी ने एक्स पर लिखा- मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं।

## भारतीय सेना की जय जय: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सेना की जय जय। उन्होंने कहा कि कल सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बधाई देता हूं। वे नेशनल क्वालिटी कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ सेना का एक्शन जारी है। भारत ने पाकिस्तान पर कल रात एक्शन लिया। सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी कैंप तबाह किए। हमारी कार्रवाई में कोई निर्दोष नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि सेना सटीकता से ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल जो परिस्थितियां चल रही हैं, आप सभी इससे परिचित हैं। हम हमेशा बातचीत के पक्षधर हैं। इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी आंख दिखा दे। कल हमने क्वालिटी कारवाई करके दिखाई है। हम क्रोधित नहीं होते, मुस्कराते रहते हैं। चाहे चैलेंज कितना भी बड़ा हो। कल हमारी सेना ने टेरर कैंप को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। राजनाथ ने आगे कहा कि हमने हमेशा एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो।

## सीमा पर नागरिकों को निशाना बनाना ओछी हरकत

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस ने की पाकिस्तानी सेना की कड़ी निंदा

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना पुंछ में आम नागरिकों को निशाना बना रही है और यह उसकी ओछी और अत्यंत निंदनीय हरकत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि हमने सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया है और पाकिस्तान की सेना तथा आम नागरिकों पर कोई निशाना नहीं साधा गया है, जबकि पाकिस्तानी सेना सीमा पर हमारे नागरिकों को निशाना बना रही है। पूरी दुनिया को इससे भारत तथा पाकिस्तान की मानसिकता को समझ लेना चाहिए। खेड़ा ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद जवान को कांग्रेस की तरफ से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान पुंछ में निर्दोष नागरिकों पर हमला कर रहा है, गुरुद्वारे को निशाना बना रहा है, इससे दुनिया को समझ जाना चाहिए कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनपता है। ये जायज बात है, लेकिन जो पाकिस्तान कर रहा है, वह नाजायज है और वह खुद को दुनिया में अलग-थलग पा रहा होगा। अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हमले का जवाब देने की बात कर रहे हैं, तो पहले उन्हें इतिहास पढ़ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को भारत से कितनी बार हार मिली है। इसलिए पहले वह अपने देश को सुधारे और आतंकियों को पनाह देना बंद करें। यह बहुत जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हमें समय-समय पर यह संदेश देना होगा कि हम ऐसे हालातों में क्या कर रहे हैं और क्या करते हैं।

### शशि थरूर ने फिर मोदी सरकार की तारीफ की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग को पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश बताया है। उन्होंने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम की नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है।

## सुरक्षा के लिए जम्मू क्षेत्र व पंजाब में हाई अलर्ट

श्रीनगर, वार्ता



■ खाली कराए जा रहे गांव, स्कूल-कॉलेज भी बंद

भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा पर अलर्ट बढ़ा दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कल किए गए ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। सीमा पार से फायरिंग को देखते हुए जम्मू-कश्मीर की सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। स्कूल-कॉलेज तक बंद कर दिए गए हैं। सीमा से सटे गांवों को खाली कराया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के सांबा और कठुआ जिले के अलावा जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में अगले 72 घंटे का अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस अलर्ट के तहत सीमा से सटे इलाके के लोगों को जल्द से जल्द गांव खाली करने को कहा गया है। कल बुधवार देर रात तक सीमा से सटे इलाके में गांव खाली कराए जाते रहे। ऐहतियातन यहां के स्कूल, कॉलेज और तमाम तरह के संस्थाओं को बंद कर दिया गया है। इस बीच केंद्र शासित प्रदेश की कश्मीर घाटी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटी के सभी जिलों में मौजूदा हालात को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर जारी कर दिए गए हैं। ये नंबर लोगों को किसी तरह की परेशानी में होने पर मदद के लिए दिए गए हैं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब में भी सीमावर्ती जिलों के गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। फिरोजपुर जिले के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने लगें हैं। हालांकि पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसे अमृतसर और तरनतारन के गांवों में स्थिति शांत बताई गई है। इस बीच पाकिस्तानी सेना की ओर से गुरुवार को भी जम्मू-कश्मीर के 4 सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने कल यहां के कई सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की और मोर्टार भी दागे। सेना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कल की तुलना में आज गुरुवार को सीमापार से गोलेबारी की तीव्रता कम रही और यह चार सेक्टर तक ही सीमित रही।

## निजीकरण से शिक्षा हुई महंगी रोजगार के अवसर घटे: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अनुपयोगी सरकार के निजीकरण के प्रयासों का नतीजा है कि न सिर्फ शिक्षा महंगी हुई है, बल्कि रोजगार के अवसर कम हुए है। समाजवादी छात्र सभा की एक बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि सस्ती शिक्षा और रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार ने निजीकरण कर न सिर्फ शिक्षा को महंगा कर दिया, बल्कि नौकरी और रोजगार पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में आए दिन धांधली की चलते परीक्षायें निरस्त हो रही हैं, जिससे मेधावी छात्रों खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

## उठाव सुस्त रहने से खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## लोकतंत्र अभिव्यक्ति व संवाद में निहित: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र मूल रूप से अभिव्यक्ति और संवाद में निहित है और लोकतंत्र तब पोषित होता है, जब सत्ता की सीमाओं के प्रति सचेत रहा जाए। धनखड़ ने यहां इंडिया फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एक राष्ट्र की पहचान शिष्टाचार और अनुशासन से होती है। समकालीन शासन में लोकाचार का महत्व है। देश में लोक के अनुसार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कुछ जिले पिछड़े थे और नौकरशाह उन क्षेत्रों में नहीं जाते थे। अब वे 'आकांक्षी जिले' विकास में अग्रणी जिले बन गए हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों को भी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तरकाशी में...**

हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ , पैरामिलिट्री, फायर, राजस्व, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाते हुए घायल व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर भेजा गया। चारधाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम से उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसांई व घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल,अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी पीएल शाह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी ने पूरे रेस्क्यू अभियान को लीड किया है।

**घायल का विवरण-**

- मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मो. मिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

मृतकों का विवरण

1- विजयलक्ष्मी रेड्डी सी. (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

2 रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा, फतेहगंज-गुजरात, (पायलट)।

3- राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तर प्रदेश।

4- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

5 - कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र।

6 - वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

## इस बार पाकिस्तान को मिटा दो: सोफिया की बहन

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पर फूटा गुस्सा

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की हीरो के रूप में उभरकर आईं कर्नल सोफिया की वीरता और पराक्रम के चर्चे हर तरफ हैं। झांसी में सोफिया की चचेरी बहन शबाना कुरैशी और उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मीडिया से बातचीत में सोफिया की बहन शबाना कहती हैं कि इस बार पाकिस्तान को मिटा देना चाहिए, उसका यही इलाज है, ताकि वह कभी दोबारा ऐसी हिमाकत न कर सके।

वैसे तो कर्नल सोफिया का परिवार छतरपुर मध्यप्रदेश के नौगांव का रहने वाला है। कर्नल सोफिया के पिता ताज मुहम्मद के बड़े भाई इस्माईल कुरैशी का परिवार झांसी के भट्टा गांव सदर बाजार में रहता है। दोनों ही परिवारों के कई लोग फौज में हैं। कर्नल सोफिया की चचेरी बहन शबाना कहती हैं कि उन्हें अपनी बहन पर फक्र है। बचपन में वह लोग साथ में खेली हैं। जब से सोफिया की खबर मिली है, तभी से वह लोग बेहद खुश हैं और लोग उन्हें बधाइयां दें रहे हैं। साथ ही परिवार की लड़कियों ने कहा कि वह भी अपनी बुआ कि तरह देश की सेवा करना चाहती हैं। 6/7 मई की रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था, जिसमें सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानो को निशाना बनाया था। बुधवार को सेना की तरफ से पैनल में कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया था और पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी थी। जिसके बाद हर किसी की जुबान पर सोफिया कुरैशी का नाम है। सोफिया के पिता भी बीएसएफ में सूबेदार हैं और उनके पति भी सेना में अधिकारी हैं। यही नहीं उनके दो चाचा इस्माइल कुरैशी और वली मुहम्मद भी बीएसएफ में सूबेदार हैं। फिलहाल इस समय सोफिया का परिवार गुजरात के बड़ोदरा में रह रहा है।

### हम सरकार और सेना के साथ: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई बैठक में विपक्ष को जानकारी देने के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

समाचार विशेष

## कार पर गिरा पेड़ दो की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में तेज रफ्तार आंधी के बीच लखनऊ- बलिया हाइवे पर चलती बोलेरो पर पेड़ गिरने से उसमे सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर स्थित पटेल ढाबा के पास लखनऊ- बलिया हाइवे पर बीती रात बोलेरो पर पेड़ गिर गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। कल रात करीब 12 बजे मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज हवाएं चलने लगीं और हल्की बारिश शुरू हो गई। मोतिगरपुर से सुलतानपुर की तरफ जा रही बोलेरो पर जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-बलिया हाइवे पर रामपुर गांव के पास स्थित पटेल ढाबे के पास तेज हवा के झोंके से एक पाकड़ का पेड़ गिर पड़ा। हादसे में बोलेरो चालक जितेंद्र वर्मा (42) और ओम प्रकाश वर्मा (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

## दो लोगों के शव पेड़ से लटके मिले

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रो में महिला समेत दो लोगो ने जंगल में जाकर पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिदोखरमेदनी गांव में राजू सिंह(45) आज सुबह घर से खेत जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर बाद खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसका शव पेघ्से लटका देखा और परिजनों को सूचना दी। मृतक के बघ्े भाई वंशलाल सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसी प्रकार राठ क्षेत्र में ेतीन दिन पहले गायब महिला का शव संदिग्ध हालात में बहगांव रोड पर स्थित जंगल में पेड से लटका मिला। पुलिस के अनुसार राठ क्षेत्र के अकौना गांव निवासी गीता पुत्री लीलाधर राजपूत का शव बुधवार की सुबह बहगांव के जंगल में बबूल के पेघ्पर जंगल में फांसी पर लटका मिला है। मृतक के पति ने बताया कि वह पुणे में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसका पुत्र दिलीप कुमार भी हरियाणा में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। गांव में उसकी पत्नी रहती थी। उसने जंगल में जाकर पेड से लटककर जान दे दी है। पुलिस का मानना है कि महिला ने विवाद के चलते जान दी है।

## ट्रक से टकराई बाइक, तीन की मौत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संत कबीर नगर जिले के धनघटा क्षेत्र में खराब खड़ी ट्रक से मोटरसाइकिल के टकराने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बीती देर रात करीब 12 बजे ग्राम महाखरपुर राम जानकी मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली के करीब रोड पर खराब स्थिति में खड़े ट्रक को पीछे से मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार अमन,शनि और चंद्रभान की मृत्यु हो गई।

## जौनपुर में दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की एक अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 20 वर्ष के सश्रम करावास व 56 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार पीड़िता ने सरपतहा थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया था कि उसके अब्बा, चाचा व दादा मुंबई में रहते हैं। वह घर पर अपने भाई व मां के साथ रहती है। 10 जुलाई 2022 को मां व भाई बाजार गए थे कि पड़ोसी युवक रेहान घर में घुसकर दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी युवक को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 56 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

## स्कॉर्पियो पलटने से दो की मौत, तीन घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के पलटने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बीती देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का एक अगला चक्का निकल गया जिससे वह अनियंत्रित होकर बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे उसमें सवार सचिन कुमार (25) और नन्हकू (35) की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि अनुमान (23), छोटू (26) और छोटू मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लखनऊ बनेगा ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन का एक और केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत अपनी सामरिक क्षमता को और धार देने जा रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस[ का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन किया जाएगा।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिट 300 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई है और भारत को आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दिलाने वाली है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने दिसम्बर 2021 में ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए लखनऊ में 80 हेक्टेयर भूमि निघ्शुल्क आवंटित की थी। सिर्फ 3-5 वर्षों में इस परियोजना को निर्माण से उत्पादन की अवस्था तक लाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन कर रही यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश सरकार की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है और यूनिट के विकास पर लगातार नजर रखी गई है। नतीजा, मात्र साढ़े तीन वर्ष में यह यूनिट बनकर उत्पादन के लिए तैयार है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस के साथ ही अन्य डिफेंस इक्विपमेंट्स बनाए जाने की तैयारी है, जो डिफेंस सेक्टर में लखनऊ और उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान देने का काम करेगा। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस जैसी रणनीतिक मिसाइल का बनना बेहद खास माना जा रहा है। यह कदम भारत की सैन्य ताकत को और मजबूत करेगा और उत्तर प्रदेश को देश की रक्षा में एक खास भूमिका निभाने वाला राज्य बना देगा। इस प्लांट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश सीधे तौर पर देश की सुरक्षा और विकास में योगदान देगा। यह एक बड़ी और जरूरी परियोजना है जिसमें उत्तर प्रदेश की




11 को उद्घाटन

बड़ी भागीदारी होगी। ब्रह्मोस मिसाइल की यह यूनिट राज्य की पहली अत्याधुनिक और हाई-टेक यूनिट होगी। इससे उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में एयरोस्पेस से जुड़ी इकाइयों और उद्योगों का विकास होगा। साथ ही, राज्य में नई और आधुनिक निर्माण तकनीकें भी शुरू हो सकेंगी। सूत्रों के अनुसार 'ब्रह्मोस' प्रोजेक्ट शुरू होने से उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद एयरोस्पेस कंपनियों को उनके काम और अनुभव के हिंसाब से कई नए मौके मिलेंगे। इससे नई तरह की मशीनें बनाने की तकनीक और जांच की सुविधाएं भी तैयार की जाएंगी। इस प्रोजेक्ट से लोगों को नौकरी भी मिलेगी। करीब 500 इंजीनियरों और तकनीशियनों को सीधे काम मिलेगा। इसके अलावा, कई हजार कुशल, अर्द्ध-कुशल और सामान्य काम करने वाले लोगों को भी परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस यूनिट को चलाने में मदद करने वाले बाकी उद्योगों में भी बहुत से लोगों को काम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी संघ की सरकार के 'जेएससी[ 'एमआईसी' एनपीओ मशीनोस्त्रोएनिघ्या (एनपी ओएम) के संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी। 'ब्रह्मोस[ नाम दो महान राष्ट्रों के प्रतीकस्वरूप रखा गया है, जो दो महान नदियों ब्रह्मपुत्र की प्रचंडता और मॉस्कवा की शांति को दर्शाता है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना भारत की ओर से 50-5 प्रतिशत और रूस की ओर से 49-5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ की गई थी। यह अपने प्रकार का पहला रक्षा संयुक्त उद्यम (जेवी) है जिसे भारत सरकार ने किसी विदेशी सरकार के साथ मिलकर स्थापित किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल के डिजाइन, विकास, उत्पादन और विपणन (मार्केटिंग) की जिम्मेदारी निभाता है, जिसमें भारतीय और रूसी उद्योगों का सक्रिय योगदान होता है। सूत्रों ने बताया कि ब्रह्मोस यूनिट के साथ-साथ, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत योगी सरकार ने 12 अन्य कंपनियों को कुल 117-35 हेक्टेयर भूमि आवंटित की है।

# यूपी में निवेश और व्यापार का बढ़िया माहौल: सीएम योगी



■ कहा: राज्य में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल, अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है उप्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निवेशकों का आह्वान किया कि अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इबजा) के कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने बीते आठ साल में राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति की विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने एसोसिएशन से आग्रह किया कि वे उत्तर प्रदेश में जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। यह अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है। उन्होंने जेम एंड ज्वैलरी से जुड़े व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार के 'आठ साल बेमिसाल' अभियान को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग की भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र देश की जीडीपी में 7 प्रतिशत का योगदान देता है और आयात शुल्क तथा जीएसटी के माध्यम से भी इसका योगदान अद्वितीय है।

उन्होंने कहा कि जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग न केवल आर्थिक विकास में योगदान देता है, बल्कि रोजगार सृजन और वैश्विक बाजार में भारत की पहचान को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आठ साल पहले यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल थी। पर्व-त्योहारों पर अशांति, दंगे और व्यापारियों व बेटियों की असुरक्षा आम थी। लेकिन 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए बीजेपी को जनादेश दिया। आज यूपी न केवल दंगा मुक्त, बल्कि माफिया मुक्त भी हो गया है। सभी पर्व-त्योहार चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से संबंधित हों, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। इस बेहतर माहौल ने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं।

उन्होंने कहा कि आज यूपी में वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो व्यापारियों के लिए अनंत संभावनाएं प्रदान करती हैं। योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना का आह्वान करते हुए इसे यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इबजा से एक ऐसा मॉडल तैयार करने का आग्रह किया, जिसमें डिजाइन, तकनीक, प्रोसेसिंग, पैकेलजग, सप्लाई चेन और निर्यात को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला विशाल राज्य है और आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर यह 30 करोड़ लोगों के व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की जरूरतों को पूरा करता है। सीएम ने कहा कि इस बाजार का लाभ उठाने के लिए हमें आधुनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार सुरक्षा और संवाद के माध्यम से व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। सेफ सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम, जो पहले 25-30 मिनट था, अब 7-8 मिनट तक कम हो गया है।

# प्रदेश में अगले 48 घंटे में बदलता रहेगा मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी और इसके आसपास के जिलों में मई का मध्य चरण भीषण गर्मी के बीच बदलते मौसम का संकेत लेकर आया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 से 48 घंटे उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में मौसम का मिजाज धूप छांव के बीच बदलता रहेगा! विशेषकर लखनऊ मंडल, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में मौसम को लेकर विभाग का पूर्वानुमान यही दर्शाता है।

इन क्षेत्रों में कहीं हल्की फुहारों की संभावना है, तो कहीं बादल गरज सकते हैं। कहीं कहीं लू चलने की भी संभावना है! लखनऊ शहर में आज सुबह तडके मध्यम दर्जे की बारिश के बाद दिन का अधिकतम तापमान 39 सेल्सियस के आस पास रहा रात में तापमाधन 27 सेल्सियस रहने की संभावना है । आज गुरुवार की दोपहर से ही आसमान में धूलभरी आंधी और हल्की बादलों की आवाजाही देखी गई। शुक्रवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, जिससे उमस बढ़ेगी लेकिन बारिश की संभावना कम रहेगी।

मौसम वैज्ञानिकों ने चेताया है कि गर्मी के साथ तेज धूप और ऊष्मा के कारण लू का असर बना रहेगा। लखनऊ मंडल के जिलों ख्र उन्नाव, रायबरेली, हरदोई और सीतापुर ख्र में भी गर्म हवाओं का प्रभाव बना हुआ है। हरदोई और सीतापुर में शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है, विशेषकर देर शाम या रात के समय। यह स्थानीय दबावों और ऊपरी हवा में नमी के प्रभाव से हो सकता है, परंतु इन जिलों में भी तापमान 38 डिग्री से ऊपर ही रहेगा। रायबरेली और उन्नाव में तेज धूप के बीच गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं धूलभरी आंधी चल सकती है, जिससे कुछ समय के लि ए गमह्न से राहत महसूस हो सकती है। बुंदेलखंड क्षेत्र, खासकर झांसी, ललितपुर, महोबा और चित्रकूट में मौसम अपेक्षाख्रत अधिक सक्रिय दिख रहा है। झांसी में गुरुवार शाम से ही बादल मंडराने लगे हैं और शुक्रवार को गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। महोबा और ललितपुर में भी आसमान में बादलों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जो आगामी 24 घंटे में वर्षा में बदल सकती है। चित्रकूट में गमह्न अपने चरम पर है, लेकिन शुक्रवार देर रात से मौसम में हल्का बदलाव संभव है। पूर्वांचल के जिलों जैसे वाराणसी, गोरखपुर, बलिया, देवरिया, मऊ और आजमगढ़ में आंशिक बादलों की मौजूदगी के बीच तेज गर्मी बनी हुई है।

# ब्राह्मण विरोधी है भाजपा सरकार : अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष और खासकर ब्राह्मणों के खिलाफ राजनीतिक दुर्भावना से फैसले लेती है। श्री यादव ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पीडीए में ब्राह्मण भी शामिल हैं। पीडीए में हर पीघ्ति शोषित शामिल है। हम सब मिलकर 2027 में भाजपा सरकार को हटाने का काम करेंगे।

भाजपा के हटने पर ही लोग खुशहाल होंगे और उन्हें अन्याय, अत्याचार से छुटकारा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जघ् से खत्म करने के लिए भारत सरकार के हर फैसले का सपा साथ देगी। सपा का कहना है कि जघ् पर वार कीजिए उसको खत्म कीजिए। जब जघ् पर हमला होगा तो टहनियां अपने आप समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नई दिल्ली में



होने वाली सर्वदलीय बैठक में अपनी राय रखेगी। भाजपा को आतंकवाद से और सख्ती से मुकाबला करना होगा। यह बहुत संवेदनशील मामला है। हमारी फौज पूरी तरह सक्षम है मुंहतोघ् जवाब देने के लिए। सजग रहने से ही सीमा की सुरक्षा हो सकती है। इसमें कोई चूक स्वीकार्य नहीं होगी। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। उसकी वजह से हम सुरक्षित हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर है। भाजपा वोट के लिए कुछ भी कर सकती है।

## अखिलेश को ब्राह्मण समाज पर बोलने का हक नहीं: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी की राजनीति को जातिवाद पर आधारित बताते हुए कहा कि सपा ने समाज में जातिवाद का जहर बोने का काम किया है। ब्राह्मण समाज पर बोलने का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को कोई अधिकार नहीं है। श्री पाठक ने सपा के शासनकाल में ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्याचार और अपमान के कई उदाहरण गिनाए। उन्होंने कहा कि कन्नौज के मासूम नीरज मिश्र की गर्दन कटवाकर लखनऊ मंगवाने का काम सपा के शासन में हुआ। इटावा में वाजपेई परिवार का सार्वजनिक अपमान किया गया। सपा के शासनकाल में पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज पर संगठित ढंग से अत्याचार और अनाचार हुए। जब-जब ब्राह्मण समाज का मान-मर्दन हुआ, तब-तब प्रदेश में सपा की सरकार थी। उपमुख्यमंत्री ने सपा पर ब्राह्मण समाज को लगातार निशाना बनाने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

भाजपा सरकार में दो डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं। इनको न हाता भाता है न तिलक लुभाता है। इस अवसर पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा जाति विशेष की सरकार है। वह समाज का नियंता है। ब्राह्मण अब 2027 में भाजपा को हटाकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगा।

# आईएफटीएम में 'कैरियर परामर्श' पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) के छात्र विकास सेल (एसडीसी) की ओर से विद्यार्थियों को सफल कॅरियर के चुनाव करने की दिशा में मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से "कॅरियर परामर्श" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता व छात्र विकास सेल की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने छात्र-छात्राओं को सही कॅरियर का चुनाव करने हेतु अंग्रेजी भाषा में दक्षता के महत्व बताते हुए उद्यमिता व नवाचार के महत्व पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। मुख्य वक्ता डॉ. राय ने इच्छुक उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं और फंडिंग के विकल्पों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कुछ प्रेरक गतिविधियाँ भी आयोजित कीं, जो कि विद्यार्थियों को उचित कॅरियर का चुनाव करने व उनके सफल भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस मौके पर प्रबंधन विभाग के डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल प्रबंधन विभाग की डॉ. मेघा भाटिया, वाणिज्य विभाग के डॉ. आशीष कुमार सक्सेना और डॉ. हिमांशु गुप्ता समेत स्कूल के कई अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसबीएम के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. अर्चना, श्री अक्षय शर्मा एवं सुश्री मोनिका चौहान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्र विकास सेल की सुश्री ज्योति सिंह ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के दौरान एसबीएम के विभिन्न विभागों के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत 130 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाही को लेकर नाराज हुए जिलाधिकारी, लगाई फटकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधकारी ने नगरीय निकायों के अंतर्गत आवश्यक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों, संचालित योजनाओं तथा 15 वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लापरवाह अधिकारियों को फटकार भी लगाई। वहीं वही एक संस्था पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों में पेयजल की समुचित आपूर्ति समय से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रिबोर सम्बन्धी कार्यों में कोई विलंब न किया जाए। नाला निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति की अद्यतन स्थिति सम्बंधित पोर्टल पर भी अपलोड कराई जाए। जिलाधिकारी ने पं दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, कान्हा पशु आश्रय स्थल योजना, अंत्एष्टि स्थल योजना, वंदन योजना, नगर सृजन योजना, नगरीय झील तालाब पोखर योजना आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई करवाया जाना सुनिश्चित करें जिससे बरसात के मौसम में कोई जलभराव की स्थिति न हो। सभी अधिशासी अधिकारी नाला सफाई के पूर्व एवं पश्चात के फोटो लेकर इसका अभिलेखीकरण करें तथा सफाई के सम्बन्ध में स्थानीय निवासियों एवं जन प्रतिनिधियों से भी फीडबैक लेकर इसे रखा जाए। बड़े नालों का ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाए। इसके साथ ही जलभराव वाले बिंदुओं को चिह्नित कर इनसे जल निकासी हेतु पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सभी अधिशासी अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निकायों द्वारा टाइड एवं अनटाइड ग्रांट के अंतर्गत स्वीख्रत कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। नगर पालिका सीतापुर एवं नगर पालिका बिसवां में नाला निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित योजनाओं की धीमी प्रगति पर कार्यदाई संस्था पर जुर्माना अधिरोपित किए जाने तथा सम्बंधित अधिशासी अधिकारी व जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित योजनाओं को 20 मई तक पूर्ण कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाली कार्यदाई संस्था के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन कराए जाने के हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साहसी महिला ने ऑटो चालक की दरिंदगी को किया नाकाम, छलांग लगाकर बचाई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भले ही पुलिस दावा करे, लेकिन हकीकत इससे उलट है। बीती रात ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक ऑटो स्कूटर चालक ने महिला से दरिंदगी की कोशिश की। महिला की सतर्कता और साहस से वह बच निकली, लेकिन घटना से शहर में एक बार फिर सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज के आम्रपाली कॉलोनी निवासी एक महिला अपने बीमार भाई को देखने गई थी। वापसी में उसने एक राइडिंग ऐप के माध्यम से ऑटो बुक किया। ऑटो यूपी 32 एक्सएन 8513 नंबर का था, जिसे हरगोविंद सिंह राठौड़ चला रहा था। बंधा रोड की तरफ जाते हूए चालक ने ऑटो को अचानक सुनसान रास्ते पर मोड दिया महिला से अश्लील हरकतें शुरु कर दी । जब महिला ने विरोध किया, तो चालक ने ऑटो की गति बढ़ा दी। रास्ता खराब होने के चलते जैसे ही ऑटो धीमा हुआ, महिला ने साहस दिखाते हुए चलते आटो से छलांग लगा दी और किसी तरह खुद को बचाया। महिला को मामूली चोटें आईं, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और दौड़कर सीधे थाना ठाकुरगंज पहुंची। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि इससे पहले भी आलमबाग बस स्टैंड से एक महिला को ऑटो चालक ने अगवा कर मलिहाबाद के जंगल में बलात्कार के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्तों को खोज निकाला था , मुख्य आरोपी मुठभेड़ में मारा गया था दूसरा आरोपी, उसका सगा भाई अब जेल में है । बावजूद इसके, ऐसी घटनाएं थम नहीं रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार उठते सवालों के बीच यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# डीएम ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** ताइक्वांडो में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजई खिलाड़ियों को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सम्मानित किया है। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिलाधकारी ने स्वर्ण पदक विजेता तनिष्का पाल को, कांस्य पदक विजेता अनुभवी श्रीवास्तव, आदित्य वैभव नूर फातिमा, नमन मिश्रा, अमन दीप, कामिनी राजपूत, नीरज राज, वंशिका पाल को सम्मानित किया। इस मौके प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी, संजीव कुमार सिंह व जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक, सुरेन्द्र कुमार लाल व विवेक सिंह मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा के लिए पंजीकरण एवं लाइसेंस अभियान 31 मई तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरे प्रदेश में व्यापक फूड रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस अभियान चला रहा है। यह अभियान अप्रैल के पहले सप्ताह से चल रहा है, अभियान की अवधि को 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी फूड रेस्टोरेंट, खाद्य व्यापारियों और संबंधित व्यवसायों को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। प्रदेश के सभी जनपदों के खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैंप लगा कर फूड रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस जारी कर रहे हैं। साथ ही उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वो सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी फूड रेस्टोरेंट एवं व्यापारी बिना रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के सभी जिलों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में फूड रेस्टोरेंट एवं खाद्य व्यापार को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत चलाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिसके मुताबिक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरे प्रदेश में खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ए अभियान अप्रैल के पहले सप्ताह से एक माह के लिए शुरू किया था, वर्तमान में ए अभियान अब 31 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी फूड रेस्टोरेंट संचालकों और कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद, कई छोटे-बड़े खाद्य व्यवसाई अभी तक इस प्रक्रिया से नहीं जुड़े हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए विभाग ने सभी जनपदों में विशेष कैंप आयोजित किए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने जिला खाद्य निरीक्षक को हड़काया

## नमूनों की सही रिपोर्ट न देने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। काम में लापरवाही बरतने पर डीएम ने जिला औषधि निरीक्षक को जमकर फटकार लगायी। उन्होने चेतावनी दी कि जो नमूने लिये जा रहे हैं उनकी रिपोर्ट बिलकुल सही हो।

खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक लेते डीएम ने कहा कि दुकानों से जो नमूने लिये जा रहे हैं उनकी जांच में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। लगातार शिकायते मिलने पर उन्होंने जिला खादय निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाते कहा कि वह नियमित चैकिंग करें तथा जहां भी कुछ गड़बड़ है वहां नमूने लेकर भेजे जायें। डीएम सबसे ज्यादा नाराज जिला औषधि निरीक्षक से हुई। उन्होने बताया कि मिलावटी खादय पदार्थ खाने से लोग बीमार हो रहे हैं परन्तु अधिकारी अपने काम का सही से अंजाम नहीं दे रहे। डीएम ने कहा कि खादय पदार्थो पर कोई नरमी न बरतें। जहां भी छापेमारी करें उसके नमूनों की सही रिपोर्ट पेश करें तथा कार्रवाई अमल में लायें। बैठक में एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में खादय विभाग की बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# अग्नि के बीच तपस्या कर रहे योगी बाबा पागलनाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एक तरफ भीषण गर्मी से आमजन बेहाल है। वहीं योगी बाबा पागल नाथ गांव के सड़क किनारे धूप में ही दो मई से अग्नि के बीच में बैठ कर तपस्या कर रहे हैं। जिसमें वह जलते उपलों की तपिश के बीच बैठे हैं। भारत देश ऋषि-मुनियों और तपस्वियों की धरती रहा है। यहां कुछ ऐसे साधु संत आज भी हैं जो अब भी तपस्या करते हुए देखे जा सकते हैं। बुजुर्गों ने बताया कि वर्षों बाद ऐसे तपस्वी महाराज देखने को मिले हैं जो कि सनातन धर्म की रक्षा, विश्व शांति एवं आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए तपस्या कर रहे हैं। रहरा थाना क्षेत्र के गांव तरौली में सड़क किनारे जिला बुलंदशहर की तहसील औरंगाबाद के गांव ताडरपुर निवासी योगी बाबा पागल नाथ दो मई से आग के बीच बैठकर तपस्या कर रहे हैं। यह तपस्या उनकी 40 दिन चलेगी। महाराज ने बताया कि लगभग 6 वर्षों से यह तपस्या कर रहे हैं। और इस तपस्या का मुख्य रूप से विश्व शांति है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद नागर, सोनू नागर, दाताराम सिंह, अनुज कुमार, कमल सिंह, मनोज नागर, मास्टर गौरव नगर आदि मौजूद रहे



# अवैध रूप से संचालित भट्टों को बंद कराएं

## क्षेत्रीय अधिकारी ने एसडीएम से किया पत्राचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक ने जिले के चारों एसडीएम को पत्र भेजकर एनजीटी के नियमों को ताख पर रख अवैध रूप से चल रहे भट्टों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये।

क्षेत्रीय अधिकारी डा. उमेशचंद शुक्ल ने सभी एसडीएम को पत्राचार कर अवैध रूप से चलाये जा रहे भट्टों को तत्काल बंद कराने के आदेश दिये हैं। बताते चलें कि जिले में एनजीटी के नियमों को ताख पर रख 71 ईट भट्टे संचालित हैं। पूर्व में एसडीएम मंडी धनौर ने छापेमारी कर उक्त भट्टों को बंद करा दिया था परन्तु फिर उनका संचालन शुरू हो गया है। इन भट्टों से निकलने वाला प्रदूषण पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जेई समेत कई अधिकारियों ने मंडी धनौरा व गजरौला क्षेत्र में चल रहे इन भट्टों पर फायर बिग्रेड से पानी डलवाकर बंद करा दिया था। परन्तु अब भी अवैध रूप से संचालित सभी भट्टों का संचालन बेखौफ जारी है। चर्चा तो यहां तक है कि जिले के अधिकारियों व नेताओं से साठगांठ कर इन अवैध भट्टों को चलाया जा रहा है। जिससे सरकार को करोड़ो रूपये की हानि हो रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर की टीम भी कई बार यहां छापेमारी कर चुकी है। परन्तु स्थिति में कोई बदलाव दिखाई नहीं दे रहा। जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा एसडीएम को पत्र लिखकर आदेश दिये हैं कि भट्टों का संचालन किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए।

# गलत आय प्रमाण पत्र बनाने में लेखपाल निलम्बित

## हसनपुर में तैनाती के दौरान जारी किया था प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र मे तैनात लेखपाल विपिन पाल ने हसनपुर में तैनाती के दौरान गलत आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया जिस कारण अब उनपर गाज गिरी है। हसनपुर एसडीएम ने लेखपाल पर कार्रवाई के लिए धनोरा एसडीएम को पत्राचार किया था। एसडीएम चंद्रकांता ने लेखपाल विपिन पाल को निलंबित कर दिया है। आरोप था कि विपिन पाल ने हसनपुर में तैनाती के दौरान गलत आय प्रमाण पत्र जारी किया था।

आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दौरान तथ्यों को छिपाकर कम आय का प्रमाण पत्र बनाने के मामले में जिले में लेखपालों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है बीते दिनों आठ लेखपालों पर निलंबन की गाज गिरी थी। लेखपालो की मिलीभगत से कम आय का प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद अपात्रों ने भर्ती प्रक्रिया में चयन का लाभ पाया था। डीएम ने मामलों की जांच कराने पर शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित लेखपालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मंगलवार को आठ लेखपालों को निलंबित कर दिया गया था। गुरुवार को एसडीएम चंद्रकांता ने मंडी धनौरा तहसील में तैनात लेखपाल विपिन पाल को निलंबित कर दिया। हसनपुर तहसील के गंगेश्वरी निवासी खेमचंद का आय प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। तत्कालीन लेखपाल विपिन पाल ने गलत तरीके से आय प्रमाण पत्र जारी किया था। हसनपुर एसडीएम द्वारा तहसीलदार से कराई गई जांच में गलत आय प्रमाण पत्र की पुष्टि हुई विपिन पाल वर्तमान में धनोरा तहसील में तैनात है। जिसपर कार्यवाही के लिए हसनपुर एसडीएम ने मंडी धनौरा एसडीएम को पत्राचार किया जिसके बाद शुक्रवार को एसडीएम चंद्रकांता ने लेखपाल विपिनपाल के निलंबन आदेश जारी कर दिए।

# दुकानदार पर महिला ने लगाया ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जुमरात बाजार में एक महिला के साथ ठगी और बदसलूकी का मामला सामने आया है। ग्राम रुखालू निवासी क्रांति पुत्री बाली ने कोतवाली में तहरीर देकर एक अज्ञात दुकानदार पर 3500 रुपये ठगने और बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के अनुसार वह अपनी मां के साथ बाजार में कपड़े खरीदने गई थी। एक दुकान पर कपड़े पसंद आने पर उसने दुकानदार को 500 रुपये दिये। जब उसने बाकी पैसे मांगे तो दुकानदार मुकर गया और गाली-गलौज करते हुए उसके द्वारा हाथ से 3000 रुपये भी छीन लिये गये। कस्बा इंचार्ज संदीप पवार ने बताया कि तहरीर मिल गई है और बाजार में दुकान की पहचान कर जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर दुकानदार की पहचान सुनिश्चित की जायेगी

### दो परिवारों की काउंसलिंग कराई, साथ रहने को हुए राजी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र की प्रभारी निधि तोमर ने दो जोड़ों को समझा बुझाकर उनकी काउंसलिंग कराई, जिसके बाद वे साथ में रहने के लिये राजी हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला थाना गजरौला परिवार परामर्श केन्द्र में गुरूवार को दो प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में बैठाकर काउंसलिंग करायी गयी। दोनों पक्षों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्हें समझाया बुझाया गया, जिसके बाद वे दोनों जोड़ों एक दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक रहने के लिये राजी हुए। प्रभारी निधि तोमर के प्रयास से दो परिवार बिखरने से बच गए।

# एक साल से फरार चल रहे चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**■ आरोपी ने कई स्थानों पर दिया था चोरी की घटनाओं का अंजाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक वर्ष से फरार चल रहे शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कस्बा इंचार्ज अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि कासिम उर्फ नमूना पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मोहल्ला जलालनगर थाना गजरौला चोरी की घटनाओं में शामिल था। उसने मां ललिता देवी मंदिर में भी चोरी की थी तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी उसने चोरी की थी। उसके विरूद्ध दो मुकदमे भी दर्ज हैं। गुरूवार को पुलिस ने कासिम को गिरफ्तार करके कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। कासिम को गिरफ्तार करने वाली टीम में उनके साथ आरक्षी सुमित कुमार व सन्नी कुमार शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि कासिम उर्फ नमूना घटनाओं को अंजाम देकर एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस टीम पूरी मेहनत के साथ जुटी हुई थी।

## किशोरी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। किशोरी घर से लापता हो गयी। परिजनों ने तहरीर देकर बरामद करने की गुहार लगायी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली किशोरी किसी काम से घर से गयी थी। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने किशोरी को तलाश करना शुरू कर दिया। परन्तु आसपास व रिश्तेदारियों में मोबाइल से सूचना देकर भी जब किशोरी का पता नहीं चला तो परिजन डिडौली कोतवाली पहुंचे तथा उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर देकर किशोरी को बरामद करने की मांग की।

# तीन घरों से नकदी व आभूषण चोरी

**■ घटना के समय गहरी नींद में सोए थे गृहस्वामी**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चोरों ने तीन घरों से नकदी, आभूषण व मोबाइल चोरी कर लिया, चौथे घर में भी चोरी का प्रयास किया। घटना के समय गृहस्वामी व उनके परिजन सो रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार की रात को चोरों ने नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी चमन सिंह पुत्र डालचंद सिंह के घर में घुसकर 7 हजार रूपये की नकदी, बबलु पुत्र रामप्रसाद के घर से चांदी की पायल व पैण्डल, पप्पु पुत्र ध्रुव सिंह के घर से मोबाइल चोरी कर लिया, जबकि लीलावती पत्नी राकेश के घर चोरी करने का प्रयास किया गया। घटना के समय सभी लोग अपने अपने घरों में सो रहे थे, लेकिन उन्हें चोरों के आने की आहट ही नहीं हुई। सुबह कोतवाली पहुंचे लोगों ने पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने जांच पड़ताल करके आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## दस मई को लोक अदालत

**अमरोहा**। हसनपुर व ग्राम न्यायालय धनौरा में दस मई को राष्ट्रीय लोकदल अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पक्षकार अपने सुलह समझौते के साथ वादों का निस्तारण करेंगे। इस मामले में बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, बिजली, जल से संबंधित दण्डनीय अपराध निपटायें जायेंगे। राजस्व वाद, सिविल वाद से संबंधित वाद आदि वादों का यहां निपटारा किया जायेगा।जो भी लोग अपने वादों का निस्तारण कराना चाहते हैं वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क कर सकते हैं। लोक अदालत के प्रचार के लिए डीजे जफीर अहमद ने वाहन भी रवाना किये।

# शिक्षक की समस्याओं का करो निदान

## डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। माध्यमिक शिक्षक संघ ने एरियर का भुगतान न होने पर रोष जताया। उन्होंने डीआईओएस को ज्ञापन सौंप चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी समस्याओं को दूर नहीं किय गया तो आंदोलन को मजबूर होंगे।

संघ से जुड़ शिक्षकों ने डीआईओएस विष्णु प्रताप को ज्ञापन सौंपा। उनक कहना था कि कई बार अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराा चुके है। परन्तु हर बार उन्होंने आश्वासन दिया जाता है। राष्ट्रीय इंटर कालेज जब्दा की महिला शिक्षक हरजीत कौर का चयन वेतनमान का प्रकरण लम्बित था। जिसका आज समाधान कर दिया गया। इसी कालेज के राम बहापुर व जितेन्द्र सिंह भी परेशान है। तथा शर्मा देवी की श्वेता, शालिनी वेतन वृद्धि के प्रकरण को अनुमान्यता के लिये भिजवा दिया गया है। ऐसे ही कई मामले शिक्षकों के सामने है। जिनके निस्तारण के प्रयास नहीं किया जा रहे। यदि जल्द उनकी समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदेशीय मंत्री डा. जीपी सिंह, जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह, राम बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# राशन डीलर की जमानत राशि जब्त

## तीन माह से नहीं दिया था राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया** तीन माह से ग्रामीणों को राशन न देने पर डीएम ने डीलर के खिलाफ सख्त कारवाई की। उसकी जमानत राशि जब्त करने के आदेश दिये गये है।

मामला ब्लाक के ग्राम गफ्फारपुर से जुड़ा है। यहां की राशन दुकान चमन सिंह के पास थी। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि डीलर ई-पाास मशीन में अगूंठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं देता। यदि कोई उसका विरोध करता है तो उसे धमकी दी जाती है। कई बार इसे लेकर विवाद भी हो चुका है। जब इस मामले की शिकायत डीएम निधि गुप्ता वत्स से की गई तो उन्होंने जांच के आदेश दिये। ग्रामीणों की शिकायत सही मिली। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते डीलर चमन सिंह की दुकान की जमानत राशि जब्त करने के आदेश दिये। डीएम ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी हाल में राशन वितरण में धांधली नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कही भी इस तरह की शिकायत मिली तो डीलर के खिलाफ रिपोर्ट कराकर दुकान निरस्त की जायेगी।

# मन्दिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर में प्राचीन श्री झारखंड महादेव शिव मंदिर स्थापित है। मंदिर के प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि मंदिर पर प्रतिवर्ष शिवरात्रि के अवसर पर दो बार मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें लगभग आसपास के क्षेत्र के 100 गांव के ग्रामीण भाग लेते हैं। मंदिर की भूमि पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनवा दिया गया। जिससे श्रद्धालुओं के लिए मेले का आयोजन करने के लिए कम भूमि बची है। जिसके कारण भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। और मेले के समय शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका बनी रहती है। जबकि राजस्व अभिलेखों में विद्यालय का कोई नाम दर्ज नहीं है। पूरी भूमि मंदिर के नाम दर्ज है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बना हुआ है। धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए विद्यालय को वहां से हटवाया जाए और मंदिर को उसकी भूमि दिलवाई जाये।

# सुविचारों से प्रेरित हो रहे छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंजिल पर पहुंचने की सबसे पहली सीढ़ी आपकी इच्छा शक्ति है, ये पंक्ति प्राथमिक विद्यालय प्रथम धनोरा के प्रार्थना स्थल पर श्यामपट पर अंकित थी। अब जिले के परिषदीय स्कूलों में सुविचार के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जा रहा है।

स्कूल असेंबली हर छात्र की दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह वह समय है जब छात्र एक साथ आते हैं, महत्वपूर्ण घोषणाएँ सुनते हैं और आने वाले दिन के लिए प्रेरित होते हैं। यह एक सरल कथन या उद्धरण है जो बच्चों को सोचने, प्रतिबिंबित करने और अपने दिन को सही नोट पर शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसी क्रम में अब जिलाधिकारी के मौखिक निर्देश पर असेंबली के दौरान छात्र-छात्राओं को सुविचार से प्रेरित किया जा रहा है। डीएम निधि गुप्ता के मौखिक निर्देशों एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ मोनिका के द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आदेश दिए गए हैं कि जिले के सभी परिषदीय विद्यालय में प्रार्थना सभा स्थल पर बच्चों को प्रतिदिन का सुविचार एवं विशेष दिवस पर आवश्यक चर्चा की जाए और उसे बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। जिसके क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार के द्वारा बताया गया कि इस संबंध में विकासखंड धनौरा के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया हैं जिसके क्रम में वह अपने निरीक्षण के दौरान इसका भी निरीक्षण एवं बच्चों से वार्तालाप कर रहे हैं। गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय धनौरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर, कन्या प्राथमिक विद्यालय धनोरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धनोरा का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रार्थना सभा के साथ दैनिक श्यामपट्ट सुविचार, सामान्य ज्ञान, विशेष, जयंती, पुण्यतिथि, आज का शब्द एवं रोचक तथ्यों को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने बताया कि इससे बच्चों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि संज्ञानात्मक एवं भावनात्मक विकास होगा।

# इलैक्ट्रिक दुकान में आग से दो लाख का नुकसान

## शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। तेज हवाओ के बीच शॉर्ट सर्किट होने से इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते बेकाबू हुई आग ने दुकान में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। अफरातफरी के बीच स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। अग्निकांड में करीब दो लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

बस्ती के मोहल्ला पापड़ी तालाब निवासी खुर्शीद हैदर की मोहल्ला नई बस्ती स्थित मेन बाजार में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है। दुकान के पीछे बने एक हिस्से में उनका नया सामान और स्क्रैप रखा रहता है। घटना गुरुवार दोपहर करीब दो बजे की है। तेज हवा चलने से आपस में तार टकराने पर बिजली लाइन में फाल्ट हो गया। शॉर्ट सर्किट होने पर निकली चिंगारी से दुकान के पिछले हिस्से में रखे कुछ सामान में आग लग गई। जिसने देखते ही देखते भयंकर रूप लेते हुए पूरे हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान से धुंए का गुबार उठता हुआ देख आस-पास की दुकानों में भी हड़कंप मच गया। अफरातफरी के बीच मौके पर जमा स्थानीय लोगों ने पानी की बौछार करते हुए बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान स्वामी खुर्शीद के मुताबिक अग्निकांड में दो लाख रुपये की कीमत का सामान जला है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना रहा।



## पुलिस देख आरोपी दीवार कूदकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। चांदपुर पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र पुलिस के साथ छापा मारा परन्तु अभियुक्त घर से फरार मिला। मामला थाना क्षेत्र के गांव बीलना से जुड़ा है। यहां का रहने वाला फिरोज खान पुत्र तौफीक एक झगड़े में आरोपी है तथा उसके खिलाफ चांदपुर कोतवाली में 307 का मुकदमा दर्ज है। पिछले काफी समय से वह तारीख पर हाजिर नहीं हुआ। जिस कारण वारंट जारी हो गये। जिस समय बीती रात पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी घर की दीवार फांदकर फरार हो गया। जिससे पुलिस बेरंग होकर यहां से लौट गयी।

# एसपी ने की पुलिस कर्मियों के कार्यों की समीक्षा

## रिकॉर्ड दुरस्त रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय की शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस कर्मियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व एसपी ने शाखाओं का निरीक्षण कर विभिन्न रजिस्टर तथा उनके रख-रखाव व उनमें की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। पुलिस कर्मियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय रिकॉर्ड को दुरस्त रखने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात एसपी ने पेशी कार्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक पेशी कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा, क्षेत्राधिकारी अपराध कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यातायात, आंकिक कार्यालय, रिट सैल आदि शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। वहीं, एसपी ने गुरुवार को फीडबैक सेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा की शिकायती प्रार्थना पत्रों में पुलिस कार्रवाई का फीडबैक लेने के लिए पीड़ित को कॉल की जाए। अगर पुलिस कार्रवाई से पीड़ित असंतुष्ट है तो दोबारा जांच कराई जाए। इस दौरान संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे

## सुखदेवी कालेज का चुनाव जल्द

**हसनपुर**। श्रीमती इंटर कॉलेज की कार्यकारिणी का चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को सहायक निबंधक फर्म्स सोसाटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद ने प्रधिकृत नियंत्रक श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज हसनपुर को चुनाव अधिकारी नामित कर चुनाव कराने का आदेश दिये गये हैं। 16 अप्रैल को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया था। अब जल्द श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में चुनाव होने की उम्मीद है।

## समाचार विशेष

### पासपोर्ट व वीजा बनवाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र में वीजा और पासपोर्ट बनवाने के नाम पर एक व्यक्ति के ऊपर धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। करनैलगंज के तकिया बरबटपुर निवासी फैयाज पुत्र रसूल, ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी रशिद पुत्र अज्ञात निवासी मोहम्मदपुर, हलधरमऊ के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की मांग की है। फैयाज ने बताया कि वह दुबई में नौकरी करते हैं। रशिद के साथ वीजा और पासपोर्ट बनवाने को लेकर बात हुई थी। फैयाज ने 2024 में रशिद का वीजा बनवाया, जिसका खर्च 1,90,000 रुपए उन्होंने स्वयं वहन किया। रशिद ने वादा किया था कि वीजा और पासपोर्ट मिलने पर वह पैसे लौटा देगा। हालांकि, वीजा और पासपोर्ट मिलने के बाद रशिद ने दुबई जाने से इनकार कर दिया और पैसे मांगने पर फैयाज को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी और कहा कि उसके पास फैयाज के घर की आपत्तिजनक वीडियो है,जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और पैसा नहीं देगा। फैयाज ने बताया कि उन्होंने रशिद को ऑनलाइन माध्यम से 80,000 रुपए भी दिए, लेकिन रशिद ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। स्थानीय थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद फैयाज ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के माल सहित तीन को दबोचा

**सीतापुर।** कोतवाली सिधौली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांझा के निकट आम की बाग में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शीतल पुरवा निवासी रामस्वरूप पुत्र स्वर्गीय कल्लू, शीतल खेड़ा निवासी धर्मेंद्र पुत्र भारत व ग्राम मंझा निवासी अरविंद पुत्र बच्चू लाल को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर अपराधी है। पकड़े जाने के दौरान तीनों चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 3,290 रुपए नकदी, एक आरी मय ब्लेट व तीन आरी ब्लेड व दो अदद लोहे का बेलचा ( चोरी करने का औजार ), 22 लोहे का ऐंगल व साइकिल बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त राम स्वरूप के पास से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि इन्ही लोगों ने 26 अप्रैल की रात मे ग्राम जाफरीपुरवा मे शराब ठेके तथा परचून की दुकान मे तथा उसी रात ग्राम रमदाना में दो दुकानो मे शटर उठाकर चोरी की थी। जिसमे कपड़े वाली दुकान से साड़ी तथा परचून वाली दुकान से 2 पिपिया रिफाईन्ड तेल व रुपए मिले थे, जिसे इन लोगों ने राह चलते को बेच दिया था। बरामद रुपए इन्हीं चोरियों से बचे शेष रुपए हैं। अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में पुलिस ने सिधौली कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### अकेली नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वषह्नय किशोरी बुधवार की शाम घर पर अकेली थी। परिजन खेतों पर काम करने के लिए गए हुए थे। आरोप है कि इसी बीच गाव का युवक राहुल सिंह लड़की के घर में घुस गया। उसने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित के शोर मचाने पर आरा. पी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। देर शाम जब परिजन खेत से वापस आए, तो लड़की ने सारी बात बताई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश की मगर वह फरार हो गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कर लिया है द्य थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा

### अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना खैराबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दहेलिया निरंजन निवासी आकाश पुत्र विजय गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। आकाश के खिलाफ खराब थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारणः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कैंप लगाने के लिए एक महीने का रोस्टर जारी करें तथा उसका जन सामान्य के मध्य व्यापार प्रचार प्रसार कराएं जिससे कैंप वाले दिन जनसामान्य उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकें। बैठक में कई शासकीय योजनाओं में बैंकों द्वारा ठीक प्रगति न पाए जाने पर जिला. धिकारी ने कहा कि जिन बैंकों द्वारा शासन की योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है वे इस माह विशेष प्रयास कर अपनी प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा की स्थिति में उन बैंकों से सभी सरकारी अकाउंट बंद कर कर दूसरी बैंकों में अकाउंट खुलवाने के कार्यवाही की जाएगी।

## सहसपुर के वृद्ध की पानी में डूबने से मौत

**कांठ।( शाह टाइम्स ब्यूरो )** सहसपुर के व्यक्ति का राजीपुर खादर के पास नदी में शब मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची कांठ पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। बताया गया कि स्योहारा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के कस्बा सहसपुर निवासी नईम पुत्र फारूक उम्र 55 वर्ष अपने साथी दानिश पुत्र फिरोज उद्दीन आदि के साथ मछली पकड़ने के लिए राजीपुर खादर गांव के पास नदी में गया था। बताया गया कि वहां पर उक्त लोगों ने नशे का भी सेवन किया और अचानक वह पुल के पास गहरे पानी में चला गया बाकी साथी लौटकर वापस आ गए परि. जनों के पूछने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया तो वृद्ध की तलाश की गई सुबह उसका शब पानी में उतराता मिला सूचना मिलते ही कांठ पुलिस मौके पर पहुंची और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। स्योहारा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सभी देशवासियों को गर्वः शरद द्विवेदी

**भादर अमेठी।** क्षेत्र के समाज सेवी व भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता बाबा जयराम द्विवेदी महाविद्यालय के प्रबंधक शरद द्विवेदी ने भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस समय जब देश में कई मोर्चों पर चुनौतियां सामने है, तब राष्ट्र को आवेश में आकर नहीं, बल्कि धैर्य और विवेक से काम लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार यह सि) किया है कि वे न केवल ख्रढ़ नेतृत्व देते हैं, बल्कि हर परिस्थिति को गहराई से समझकर दूरख्रष्टि के साथ निर्णय लेते है। श्री द्विवेदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर पीएम मोदी के ख्र ढ़ संकल्प का जीवंत प्रमाण है। राष्ट्रवादी चिंतक श्री द्विवेदी ने कहा कि देशविरोधी ताकतें बार-बार षडङंत्र रचकर भारत को अस्थिर करने की को. शिश कर रही है। किसान आंदोलन, विरोध, मणिपुर की घटनाएं और अब हालिया पहलगाम हमला कूढ्न सबमें एक समानता है कि भारत को आंतरिक रूप से कमजोर करने का प्रयास किया गया। लेकिन मोदी सरकार ने हर बार संयमित और सटीक रणनीति अपनाकर इन साजिशों को विफल किया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी देश के अराजकतावादी लोग पीएम मोदी को रोजाना युद्ध के लिए ललकार रहे थे लेकिन पीएम मोदी और उनकी टीम ने धीरज नहीं खोया। जिसका फल यह है कि आपरेशन सिंदूर के जरिए सेना ने सैकड़ो आतंकवादियो को जहन्नुम भेज दिया और बिना युद्ध के बदला लेकर 27 बलिदानियों की दर्दनाक हत्या का बदला भी ले लिया। उन्होंने कहा, हमारी सेना और सुरक्षा बल पूरी तरह सक्षम है, लेकिन हमें समझना होगा कि दुश्मनों की चाल सिर्फ सीमा पर युद्ध तक सीमित नहीं है। वे देश के अंदर गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा करना चाहते है ताकि भारत को अंदर से तोड़ा जा सके। ऐसे में सबसे जरूरी है कि हम सरकार पर अनावश्यक दबाव न बनाकर उसे अपने तरीके से काम करने दे। आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद शरद द्विवेदी प्रबंधक बाबा जयराम द्रेदी महाविद्यालय नरहरपुर ने जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को सतर्क और सजग रहना चाहिए तथा अफवाहों से दूर रहकर सामाजिक समरसता बनाए रखनी चाहिए। आज भारत वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है और पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। उन्होंने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत हर प्रकार की साजिश का डटकर मुकाबला कर रहा है और करेगा। हमे अपने देश, अपने धर्म और अपने नेतृत्व पर पूरा भरोसा रखना चाहिए।

## सरयू तट पर विशालकाय मगरमच्छ दिखा, मचा हड़कंप

**गोंडा।** जिले के कटरा घाट स्थित सरयू नदी के तट पर विशालकाय मगरमच्छ दिखने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस मगरमच्छ के चलते स्थानीय लोग और श्रद्धालुओं खौफजदा हैं। बताया जाता है कि,गुरुवार को सरयू घाट पर कुछ लोग स्नान करने गए थे,इस दौरान वहां उन्महें तट पर एक भारी-भरकम गरमच्छ को देखा।इस दौरान किसी युवक ने उसका वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो के वायरल होने से इलाके में सनसनी फैल गई। कटरा घाट पर सरयू नदी में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं,जो अब अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मगरमच्छ को पकड़ने और नदी को सुरक्षित बनाने की मांग की है। इस घटना के बाद स्नानार्थियों की संख्या में कमी देखी जा रही है। मगरमच्छ के नदी में मौजूद होने की खबर से लोग डर के साए में हैं। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि किसी तरह की घटना-दुर्घटना श्रद्धालुओं के साथ न घट सके।

## ताला बंद, किसान त्रस्त, कृसकरन के गेहूं क्रय केन्द्र पर दलालों का कब्जा

**सीतापुर।** सरकारी दावे चाहे जो हों, मगर ज़मीनी हकीकत यह है कि सकरन ब्लॉक के सुमरावां गांव में बना गेहूं क्रय केन्द्र किसानों के लिए मुस. ीबत का दूसरा नाम बन चुका है। कागज़ों पर यह केन्द्र 17 मार्च से संच. ालित हो रहा है, लेकिन वास्तव में इस पर ताला लटका है। सिर्फ बैनर लहरा रहा हैख्रजैसे किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कता हो।

यह केन्द्र साधन सहकारी समिति काजीपुर उमराखुर्द के अंतर्गत आता है, लेकिन इसका संचालन आठ किलोमीटर दूर दुगाना समिति से किया जा रहा है। इससे क्षेत्रीय किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान रोज़ाना दस-दस किलोमीटर दूर जाकर लाइन में खड़े हो रहे हैं, फिर भी समय से गेहूं की खरीद नहीं हो रही। दलालों की मौज, किसानों की लूट स्थानीय किसानों का आरोप है कि बंद पड़े केन्द्र पर सक्रिय दलाल किसानों को बरगला कर उनका गेहूं कम कीमतख्र2300 रुपए प्रति क्विंटल में नकद खरीद रहे हैं, जबकि समर्थन मूल्य इससे कहीं ऊपर है। जो किसान इनके चंगुल में नहीं फंसते, उन्हें दुगाना स्थित केन्द्र पर आठ-आठ दिन तक लाइन में खड़ा होना पड़ता है। क्षेत्रीय किसानोंख्र जितेन्द्र कुमार यादव, श्रीख्रष्ण भार्गव, अरोज कुमार गिरी, सन्तोष शुक्ल, विजयपाल, दीपक, सुरेश, रमेश, राकेश आदि ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को ज्ञापन देकर गेहूं क्रय केन्द्र की जांच और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि यह केन्द्र कुछ खास लोगों की दलाली का अड्डा बन गया है। उपजिला. धिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने शशाह टाइम्सश को बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। किसानों के नाम पर चल रहे सरकारी केन्द्र जब भ्रष्टाचार और लापरवाही के अड्डे बन जाएं।

## राज्यमंत्री ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

**तिलोई, अमेठी।** तहसील तिलोई के अधिवक्ता सभागार में एल्डर्स कमेटी के चुनाव संचालन समिति तहसील बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंक्श्वर शरण सिंह ने पहुंचकर नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित सभी सदस्यों को शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक मयंक्श्वर शरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमर बहाद. ुर सिंह को पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही महामंत्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ल,स सहित अन्य पदाधिकारियों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अधिवक्ताओं से वादकारियों के हित में निरंतर काम कार्य करने का आ]वान किया।साथ ही बार-बेंच के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।वन नेशन-वन इलेक्शन पर भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने अधिवक्ताओं को समाज का बुद्धिजीवी वर्ग बताया। उन्होंने वादकारियों के प्रति जवाबदेही पर विशेष बल दिया।अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन सिंह ने किया। इस मौके पर मुन्ना सिंह-प्रमुख,रमेश सिंह-पूर्व प्रमुख,सुन्दर लाल



जायसवाल-पूर्व प्रमुख,राजेन्द्र बहादुर सिंह-पूर्व प्राचार्य,उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, नायब तहसीलदार अमीषा यादव,अजय सिंह, अधिवक्ता पंकज अवस्थी, शिवकुमार सिंह, अभिषेक सिंह, शिव हर्ष सिंह, संजय मिश्र, रण विजय सिंह, घन श्याम मिश्र, राम सिंह अनीष अहमद,एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, संकठा प्रसाद सिंह(लोहा), प्रदीप सिंह, रमा कान्त मौर्य, सूर्य भान सिंह, राजीव सिंह-शासकीय अधिवक्ता, इन्द्र पाल सिंह, अतुल श्रीवास्तव, सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नेचुरल फार्मिंग के गोमती तटीय क्षेत्र के तीन दर्जन गांव किए गए सम्मिलित

**अमेठी।** उप ख्रषि निदेशक सत्एन्द्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के गोमती नदी के तटीय क्षेत्र के गांवो में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राख्रतिक खेती) की योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड जगदीशपुर के 13 गांव, बाजार शुकुल के 13 गांव एवं मुसाफिरखाना के 08 गांव सम्मिलित किए गए हैं। योजना का अनुश्रवण खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्ष्यता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है। योजना में सम्मिलित प्रत्एक गांव में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्लस्टर का गठन किया गया है, प्रत्एक क्लस्टर में 0.4 हेक्टेयर के 125 किसानों का चयन योजना की गाइडलाइन में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। प्रत्एक क्लस्टर में 02 ख्रषि सखियों को रखा गया है, जिससे कि संबंधित ग्राम के स्थानीय किसानों को जोड़े जाने में सुविधा रहे। इस योजना के अन्तर्गत चयनित किसानों को प्राख्रतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करना, प्रशिक्षण देना, और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते हुए प्राख्रतिक खेती के तरीकों से मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता में सुधार कराना है। जिससे कि प्राख्रतिक खेती में रसायन और कीटनाशकों का उपयोग नहीं के बराबर हो। प्राख्रतिक खेती से मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद मिलती है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक लचीलापन पैदा करता है। प्राख्रतिक खेती स्थानीय ज्ञान और संसाधनों पर आधारित होती है, जिससे किसानों को बाहरी सहायता की आवश्यकता कम होती है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राख्रतिक खेती) भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों को एक स्थाई और लाभकारी ख्रषि प्रणाली अपनाने में मदद करती है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सामुदायिक शौचालय और नाला निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** नगर पालिका परिषद करनैलगंज में लाखों रुपए की लागत से बन रहे सामुदायिक शौचालय और नाला निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। कस्बा पुलिस चौकी के निकट नगर पालिका से चंद कदमों की दूरी पर निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

पीली ईंटों और मानकविहीन सामग्री के उपयोग से बना यह शौचालय महीनों बाद भी अधूरा पड़ा है। गुणवत्ता की अनदेखी के चलते निर्माण कार्य रुका हुआ है,जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इसी तरह, पालिका क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से निर्मित नाला भी सफेद हाथी साबित हुआ है। वर्षों बाद भी नाले पर पत्थर नहीं रखे गए, जिसके कारण यह जर्जर होने लगा है। सरक. ारी धन का जमकर बंदरबांट हुआ, लेकिन विकास के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। नाले की बदहाल



स्थिति से क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ रही है, जिससे जनता परेशान है। नगर पालिका कर्नलगंज पर शासन और जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना का आरोप है। भ्रष्टाचार के इन कारनामों की शिकायत जिला अधिकारी तक पहुंच चुकी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जनता का कहना है कि विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग बंद होना चाहिए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार का यह सिलसिला और गहरा सकता है।

## टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और यादगार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के कॉलेज जीवन की अंतिम यादों को संजोने का एक अनूठा अवसर बनकर सामने आया। फेयरवेल समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डांस, सिंगिंग, और गेम्स के माध्यम से समां बांधा। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, भावनाएं और विदाई की मिठास देखने को मिली।

फेयरवेल समारोह में छात्रों को उनके व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के आधार पर विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। अंचित चौधरी को मिस्टर फेयरवेल, गौरव कुमार को मिस्टर परफेक्ट, पारस शर्मा को मिस्टर वर्सेटाइल, अर्सलान को मिस्टर हैंडसम, और दिव्यांशु को मिस्टर ऑलराउंडर चुना गया। वहीं, अनन्या जैन को मिस फेयरवेल, हीरा कुमारी को मिस परफेक्ट, रिया चौहान को मिस वर्सेटाइल, गौरी अरोड़ा को मिस ब्यूटीफुल, और सृष्टि को मिस ऑलराउंडर के खिताब से सम्मानित किया गया।इस खास अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन जी ने मंच से छात्रों को संबोधित करते हुए अत्यंत प्रेरणादायक और हृदयस्पर्शी शब्द कहे। उन्होंने कहा कि यह फेयरवेल एक समापन नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।''अब आप सभी एक नए जीवन के पथ पर कदम रख रहे हैं, जहां आपके ज्ञान, अनुभव, और मूल्यों की असली परीक्षा होगी। मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन ही जीवन में सफलता की कुंजी है। टिमिट में आपने जो कुछ सीखा है, वह केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि आपको जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन करेगा।''प्रो. विपिन जैन ने यह भी कहा कि छात्रों की सफलता ही किसी शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

## भाकियू नेता मुकेश सिंह की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी/लखनऊ।** किसानों, मजदूरों और वंचित वर्ग की बुलंद आवाज़ रहे भाकियू नेता मुकेश सिंह की छठी पुण्यतिथि गुरुवार को उनके पैतृक गांव बंधौली में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सुबह से ही जिलेभर के भाकियू नेताओं, कार्यकर्ताओं और सम्भ्रांत नागरिकों का तांता लगा रहा। सभी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और समाधिस्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुकेश सिंह न केवल किसानों-मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए पहचाने जाते थे, बल्कि समाज में रक्तदान, नेत्रदान, देहदान और निर्धन कन्याओं के विवाह जैसे कार्यों की मिसाल भी बने। उनके नेतृत्व में हजारों किसानों का जमावड़ा आम बात थी और यही कारण रहा कि उन्हें जननायक की उपाधि मिली। उनकी प्रेरणा से सामाजिक बदलाव की कई रेखाएं खिंचीं, जिन पर सरकारें भी चलने को विवश हुईं। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किसान गोष्ठी में मंडल अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि मुकेश सिंह के सपनों को साकार करने के लिए उनके विचारों को अपनाना होगा। जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने उनके संघर्ष और सि)ांतों को याद करते हुए कहा कि जल आंदोलन में भी वह बीमार होने के बावजूद डटे रहे। प्रदेश सचिव उत्तम सिंह ने उन्हें संगठन की प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर आलोक वर्मा, आशीष यादव, डॉ विक्रांत सिंह, राहुल वर्मा, गिरीश चन्द, सतीश वर्मा शरिंकूश, राम सेवक रावत, दिनेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, रामानंद वर्मा, रईस अहमद, भगौती प्रसाद, प्रमोद कुमार, बाबादीन, डॉ राम सजीवन, शिव नारायण सिंह, प्रीतम सिंह, डॉ हरीराम पाल, राम मदन, पन्नालाल, विशेष कुमार, पप्पू वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

**गौरीगंज अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

बैठक में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्युतीकरण एवं फनह्नचर से संतृप्त विद्यालयों के बारे में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं ब्ैके माध्यम से सहयोग प्रदान किए जाने हेतु अनुरा. ेध किया गया तथा नगरीय क्षेत्रों में शौचालय एवं मूत्रालय से असंतृप्त विद्यालयों की सूची जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि उक्त विद्यालयों में नगर पंचायत /नगर पालिका आदि के माध्यम से शौचालय का निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया गया। नवीन शैक्षिक सत्र में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष नामांकन की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य 35000 के सापेक्ष अभी तक 17000 नामांकन हुए हैं तथा प्रेरणा पोर्टल पर 15000 नामांकन अपडेट हैं जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए प्रवेश हेतु निर्देशित किया तथा निचले स्तर पर 3 विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए अनिवार्य रूप से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शीघ्र अतिशीघ्र प्रवेश कराए जाने हेतु निर्देशित भी किया गया तथा डीबीटी योजना के अंतर्गत विभिन्न बच्चों के शीघ्र आधार कार्ड बनाए जाने हेतु प्रत्एक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को दो-दो बच्चों का आधार कार्ड बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे आधारविहीन बच्चों की संख्या शून्य की जा सके और अधिक से अधिक बच्चों को डीवीडी योजना के अंतर्गत निशुल्क यूनिफॉर्म, जूता-मोजा स्वेटर आदि उपलब्ध कराया जा सके। समीक्षा के दौरान आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन आने तथा आवेदन के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई जिनमें पाया गया कि जनपद अमेठी में वर्तमान शैक्षिक सत्र में 2900 बच्चों का आवंटन हुआ है जिनके सापेक्ष 1900 बच्चो का प्रवेश किया गया जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देशित बेसिक शिक्षा अधिकारी को अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश हेतु निर्देशित किया गया। बेसिक शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा की समीक्षा के अंतर्गत पाया गया कि जनपद अमेठी में 2000 बच्चे दिव्यांग श्रेणी में आते हैं जिसपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष 1500 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनाया जाए तथा नवीन शैक्षिक सत्र में कोई भी दिव्यांग बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे।

इसके लिए समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मध्यान भोजन के अंतर्गत किचन गार्डन के बारे में समस्त शिक्षा अधिक. ारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित किए जाएं, मौसम के अनुसार बीज की उपलब्धता हेतु जनपद स्तरीय अधिक. ारियों से संबंध बनाते हुए प्रत्एक विद्यालयों में मौसम अनुकूल बीज उपलब्ध कराया जाए जिससे किचन गार्डन विद्यालयों में स्थापित हो और छात्र/छात्राओं द्वारा उन सब्जियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

## स्वास्थ्य कर्मियों की गुंडई ,पत्रकार का फोन छीनकर दी जान से मारने की धमकी

### शिकायत के बावजूद पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हलधरमऊ साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अव्यवस्था और मरीजों के शोषण की खबर कवर करने गए एक पत्रकार के साथ वहां के स्वास्थ्य कर्मियों बदमाशी करते हुए पत्रकार का फोन छीन लिया और उसे जान से मारने की धमकी दी है।

जिसकी शिकायत पीड़ित पत्रकार ने स्थानीय पुलिस से की है। मामला बीते 30 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे का है, जब एक दैनिक समाचार पत्र से जुड़े पत्रकार रविकांत मिश्रा सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की कवरेज करने गए



थे। पत्रकार ने बताया कि सीएचसी में अव्यवस्था और स्वास्थ्य कर्मियों की अनियमितताएं कैमरे में कैद होने से कर्मचारी बौखला गए। आशा बहू अनीता, चौकीदार ललित कुमार, चपरासी संतोष कुमार और तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पत्रकार के साथ अभद्रता की और उसे दोबारा सीएचसी में दिखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इतना ही नहीं, हलधरमऊ चौकी के पुलिसकमह्ल गो. विंद चौहान के दबाव में कर्मचारियों ने पत्रकार का फोन छीनकर उसमें मौजूद फोटो और वीडियो जबरन डिलीट कर दिया। पीड़ित पत्रकार ने कटरा बाजार पुलिस को तहरीर दी, लेकिन अभी तक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं हुई है। इस घटना से जिले के पत्रकारों में भारी आक्रोश है। हलधरमऊ सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की निरंकुश कार्यप्रणाली लंबे समय से चर्चा में है। पत्रकार संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने विभागीय जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है और अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पत्रकारों का कहना है कि दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एक्सपोर्ट प्लांट में कामगारों को दो महीने से नहीं मिला वेतन

■ डीएम से मामले की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर के किला थाना क्षेत्र के रामपुर रोड थाना स्थित एक प्राइवेट कंपनी के एक्सपोर्ट प्लांट में कार्यरत मजदूरों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

मजदूरों का कहना है कि वे पिछले 20 वर्षों से इस प्लांट में कार्यरत हैं, लेकिन बीते दो महीनों से उन्हें वेतन नहीं दिया गया है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि कंपनी के मालिक वेतन देने में लगातार टालमटोल कर रहे हैं। जब कर्मचारी वेतन की मांग करते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, और काम से निकालने की धमकी दी जाती है। इतना ही नहीं, प्लांट में मौजूद कई सुविधाएं भी बंद कर दी गई हैं, जिससे श्रमिकों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि यदि जल्द वेतन नहीं मिला तो उनके परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से अपील की है कि वे इस मामले में तत्काल संज्ञान लें, और कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वेतन दिलवाने की व्यवस्था करें। वहीं शिकायतकर्ता ने अपने साथियों के साथ आगामी 8 मई को कंपनी के गेट पर धरना-प्रदर्शन की अनुमति भी मांगी है।

# सीडी रेश्यो को बढ़ाने में बैंक हों गंभीर: डीएम

## डीएम ने की जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की समीक्षा बैठक

■ जिन बैंकों का सीडी रेश्यो कम हैं उन्हें विशेष रूप से कार्य करने के दिए गए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सलाहकार समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में ऋण जमा अनुपात का तुलनात्मक विवरण, अग्रिम राशियां, वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जनसुनवाई आईजीआरएस पोर्टल, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों, वित्तीय साक्षरता केन्द्रों एवं ग्रामीण स्वत: रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि



जिन बैंकों का सीडी रेश्यो 60 प्रतिशत से कम हैं उन्हें विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है, तथा जिनका सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत से कम हैं तो वह अपना एक्शन प्लान बनाएं कि माह दर माह किस प्रकार प्रगति करनी है, और यह एक्शन प्लान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के कार्यालय में भी जमा कराएं।

बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद का लक्ष्य 2700 का है, यथाशीघ्र लोन स्वीकृत कर वितरण करायें।

बैठक में निर्देश दिए गए कि यह गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने के लिये सरकार की ओर से एक छोटी आर्थिक मद्द है यह सामाजिक हित का कार्य है। जबकि बैंक को सरकार सीधे ब्याज दे रही है, इसलिये कस्टमर आपसे एप्रोच करें यह अपेक्षा न करें आप स्वयं उनसे सम्पर्क करें।

बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि यदि किसी को बिजनेस बढ़ाने के लिए भी लोन की आवश्यकता है तो स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। तहसील बहेड़ी का ऋण बरेली में और बरेली में बहेड़ी का ऋण स्वीकृति किया जा सकता है, इसमें कोई समस्या नहीं है।

बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3984 स्वयं सहायता समूहों में सीसीएल की सुविधा के लक्ष्य के सापेक्ष 3886 समूहों के सीसीएल सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 401 लाख लक्ष्य के सापेक्ष 1043.77 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियों को प्रेषित किया गया, तथा 477.39 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां स्वीकृति हुई, 429.99 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां वितरित की गयीं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा प्रेषित सूचना के अनुसार वार्षिक लक्ष्य पूर्ण/समायोजित हो गए हैं। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 322 लाख मार्जिन मनी लक्ष्य के सापेक्ष 947.52 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियों को प्रेषित किया गया, तथा 593.75 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां स्वीकृत हुईं, 575.74 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां वितरित की गयीं।

बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 3000 लक्ष्य के सापेक्ष 5585 पत्रावलियों को प्रेषित किया गया, तथा 1257 पत्रावलियां स्वीकृत हुईं।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा प्रेषित सूचना के अनुसार वार्षिक लक्ष्य पूर्ण/समायोजित हो गए हैं। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड माटीकला योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 04 लक्ष्य के सापेक्ष 08 पत्रावलियों को प्रेषित किया गया, तथा 06 पत्रावलियां स्वीकृत हुईं, 06 पत्रावलियां वितरित, 02 पत्रावलियां वापस/निरस्त किया गया। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 11 लक्ष्य के सापेक्ष 12 पत्रावलियां स्वीकृत हुईं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नाबार्ड के प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीसी एनआरएलएम सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दबंग युवक ने नमाज को जा रहे ग्रामीण के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मामूली सी बात के चलते गांव केसौपुर में दबंग युवक ने नमाज पढ़ने जा रहे ग्रामीण को पीटकर किया घायल। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार गांव केसौपुर निवासी हनीफ खान ने बताया कि सुबह उनकी वहन, भांजी को गांव के चौराहे पर दबंग युवक गाली दे रहा था।हनीफ ने रुककर गाली दे रहे दबंग युवक को डाट दिया। उस समय तो वह चला गया लेकिन जब हनीफ नमाज पढ़ने जा रहे थे तभी दबंग युवक कई लोगो के साथ लाठी डंडे लेकर आ गया और पीड़ित को मारने पीटने लगे और हाथा पाई करने लगे।आसपास के लोगो ने ललकारा तभी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा दिया है।

### बीकॉम छात्र की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बीकॉम के छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की मां की तरफ से मुख्यमंत्री के दरबार में गुहार लगाने के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

यहां के गांव लखनपुर की रहने वाली मोरकली पत्नी नेमचंद का कहना है कि वह अपने पुत्र संजय सिंघानिया और दो बच्चों को साथ लेकर शेरगढ़ बाईपास चौराहे पर किराए के मकान में रहकर बच्चों को पढ़ा रही थी। उसका पुत्र संजय सिंघानिया बीकॉम ऑनर्स कर रहा था। दिनांक 28 सितंबर को बहेड़ी का रहने वाला मुकेश पुत्र रामपाल उसके पुत्र को यह कहकर के ले गया कि उसके अस्पताल में प्रताप सिंह टिंकू के चाय के कैफे का उदघाटन है। केयर अस्पताल उसके घर के पास ही है, उसने छत से देखा कि केयर अस्पताल की छत पर उसके पुत्र के साथ मुकेश, मुकेश का फुफेरा भाई बलवीर, मुकेश का फुफेरा जीजा और दो अज्ञात लोग खड़े थे, उसके बाद वह लोग उसके पुत्र को कैफे में ले गए, जब काफी देर तक उसका पुत्र घर नहीं लौटा तो वह चाय की दुकान और अस्पताल में पूछने गई तो किसी ने कुछ नहीं बताया। जब उक्त लोगों से बेटे के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि उसका बेटा कुछ देर में जायेगा। लेकिन बाद में पता चला कि उसका पुत्र अस्पताल में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मोरकली की तहरीर पर पुलिस ने मुकेश, मुकेश के फुफेरे भाई बलवीर, फुफेरे जीजा और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पति की गैर मौजूदगी में दबंग ने महिला को दबोचा, दुराचार का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला से उसके गांव के ही मनचले दबंग ने रात के अंधेरे में घर में घुसकर उसे दबोच लिया और उसके साथ दुराचार का प्रयास किया। उसके चीखने चिल्लाने पर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी गई। महिला ने गांव के इस दबंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव की है, महिला का पति बाहर मजदूरी करता है, वह अपने दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। सोमवार की रात गांव का ही मनचला दबंग चमन रात करीब दस बजे उसके घर में घुस आया, और बुरी नियत से महिला को दबोच लिया। आरोप है कि दबंग ने महिला के साथ दुराचार का प्रयास किया, लेकिन महिला के चीखने चिल्लाने पर दबंग ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर डाली। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर दबंग भाग गया।

घटना की रिपोर्ट थाना क्योलड़िया में महिला की ओर से दबंग चमन पुत्र प्रेमदास के खिलाफ दर्ज कराई गई है। पुलिस दबंग की तलाश में जुटी है।

### तहेरी बहन के ईंट मारने से तहसील टॉपर का टूटा पैर, पिता ने दी पुलिस को तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की इंद्रानगर बस्ती के एक परिवार में हुए विवाद में एक बहन ने अपनी चचेरी बहन के पैर में घर में पड़ी ईंट फेंककर मार दी, जिससे इंटर मीडिएट की तहसील टॉपर खुशबू का पैर टूट गया। पिता ने इसकी तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में नरेश पाल ने बताया कि उसके परिवार में विवाद हो रहा था, जिसके चलते उनकी पुत्री तहसील टॉपर खुशबू ने उन्हें बचाने का प्रयास किया था, लेकिन इसी दौरान उसकी चचेरी बहन रोजी ने घर में पड़ी ईंट उठाकर उसकी पुत्री खुशबू को मार दी, जो उसके पैर में लगी और उसका पैर टूट गया। पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मालूम हो दो दिन पहले ही तहसील टॉपर छात्रा खुशबू को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने एसएसटी इण्टर कॉलेज में नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया था।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स

# दो रोजा उर्स ए शाहिदी आखिरी कुल के साथ हुआ सम्पन्न

■ कुल में उमड़ी अकीदतमंदों की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम मोहल्ला शेखूपुर में दो दिन से चल रहे हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह का दो रोजा उर्स आखिरी कुल के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के मौके पर बीती रात एक शानदार जलसा आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि नबीर ए आला हजरत मौलाना अदनान रजा कादरी बरेली शरीफ से तशरीफ लाये। इस मौके पर उन्होंने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों सादात ए इकराम का एहतिराम करो और अहले सुन्नत व जमाअत पर



मजबूती के साथ कायम रहो।

जलसे में मौलाना तौसीफ रजा मिस्बाही ने अपनी तकरीर में कहा कि मसलके आला हजरत पर मजबूती से कायम रहो। मौलाना अखलाक कादरी ने अपनी तकरीर में अहले बैत से सच्ची मोहब्बत करने की अपील की। शायर अकील सिद्दीकी बरेली, शायर राशिद रजा मरकजी, शायर गुलफाम हस्सानी ने अपने-अपने कलाम पेश किये। सलातो सलाम के बाद नबीर ए आला हजरत मौलाना अदनान रजा कादरी ने देश में अमन-चौन के लिए दुआ फरमाई। बृहस्पतिवार को बाद नमाज फज्र दरगाह शरीफ पर कुरान ख्वानी हुई। उर्स ए शाहिदी के कुल के मौके पर मौलाना जाहिद रजा ने अपनी तकरीर में कहा की हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां ने अपनी सारी जिंदगी इश्क ए रसूल के सांचे में गुजार कर मसलके आला हजरत की खूब नशरो इशाअत की।

मौलाना हसन रजा व दरगाह के प्रवक्ता मौलाना नाजिमुल कादरी ने अपनी तकरीर में हजरत अल्लामा सय्यद शाहिद अली मियां की मुबारक जिंदगी पर रोशनी डाली। शायर राशिद रजा मरकजी ने अपने नातिया कलाम से खूब वाह वाही हासिल की। मौलाना सय्यद नूरी मियां ने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों तुम अपने बेटा बेटियों का रिश्ता वहावियों में मत करो, और इन से मेल जोल भी मत बढ़ाओ। मौलाना अख्तर रजा ने अपनी तकरीर में औलिया अल्लाह की शान बयान की। बाद में सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां ने कहा कि ए मुसलमानों तुम अहले सुन्नत व जमाअत का दामन मजबूती से पकड़ लो, सच्चे आशिक ए रसूल बनो। सुबह 10 बजे हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह का विसाली कुल शरीफ हुआ। जिसमें सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां ने देश में अमनो अमान के लिए दुआ फरमाई।

दोपहर 12 बजे हजरत अल्लामा सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स का अखिरी कुल शरीफ हुआ, जिसमें फातिहा ख्वानी के बाद सज्जादानशीन सय्यद फैजी अली मियां ने मुल्क में अमन चौन ऐतिहासिक भाईचारा कायम रहने की दुआ फरमाई। जायरीनों ने दरगाह पर पहुंचकर चादर व फूल चढ़ाये और फातिहा ख्वानी की। जायरीनों ने सज्जादानशीन से मुलाकात कर उनसे दुआ कराई। कुल के बाद लंगरे आम हुआ जिसमें सैकड़ों की तादाद में जायरीनों व अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर फरयाद हुसैन, हाजी बब्बू, हाजी फहीम शेरी, मुमताज शाहिदी, नुरूद्दीन शाहिदी, मौलाना खलीक शाहिदी, हाफिज अकील अहमद शाहिदी, हाफिज रिफाकत शाहिदी, रिजवान शानू, मकसूद हसन खां, इकबाल अंसारी, मौलाना निजामुद्दीन, डाक्टर आसिफ खान, डॉ0 इरफान, आसिफ नेता जी,, हाजी हुजूर अहमद, हाफिज अकील अहमद सहित भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। उर्स की व्यवस्था डॉ0 रिजवान, अली आजम, अब्दुल अजीज बुन्दा, मो0 आसिफ, जीशान अंसारी, मो0 जाकिर मंसूरी, सलीम अजहरी, जुनैद रजा, नफीस अंसारी, डा0 फारूख, मो0 अहमद, कफील अंसारी ने संभाली। उर्स ए शाहिदी शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने पर मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हस्नौन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, सय्यद फैजी मियां ने प्रशासनिक अधिकारियों व मीडिया का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

# स्कूल जा रही छात्रा के साथ रास्ते में की छेड़खानी

■ आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज
■ पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के इन्टर की छात्रा स्कूल जा रही थी कि गांव के ही एक युवक छात्रा को रोककर छेड़खानी और अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा की चीख पुकार सुनकर रहागीरों ने युवक को पकड़ लिया, और 112 डायल को सूचना दी, जिस पर वहां मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है, और कोतवाली पुलिस को सुपुत्र कर दिया है।

यहां के एक गांव में रहने वाली छात्रा नगर के नदेली रोड स्थित एक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती है, और वह गांव से रोजाना कस्बे में एक इन्टर कालेज में पढ़ने जाती है। आरोप है कि स्कूल जाते समय गांव के ही युवक अमिर पुत्र रफीक उर्फ बड़े ने रास्ते में रोककर उससे छेड़खानी और अश्लील हरकतें कीं। कक्षा 12 की छात्रा ने घर आकर घटना की जानकारी घर वालों को दी।

जिसके बाद किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद युवक आमिर पुत्र रफीक उर्फ बड़े को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा जाएगा।

# सांड ने बुजुर्ग को पटककर मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पीलीभीत में शौच के लिए निकले एक बुजुर्ग को आवारा सांड ने पटक-पटककर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बाद में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव गोवल पतिपुरा निवासी 80 वर्षीय लेखराज पुत्र लोखे लाल गुरुवार की सुबह 6 बजे शौच के लिए खेत पर गए थे, वापस आते समय गांव के पास आवारा सांड ने उठाकर पटक दिया, जिसमें लेखराज गंभीर रूप से घायल हो गए, शोर सुनकर गांव वाले पहुंच गए, और लाठी डंडों से आवारा सांड को भगाया। परिवार वालों ने लेखराज को बीसलपुर सीएचसी में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने पीलीभीत जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

इसके बाद परिवार वाले पीलीभीत अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से बरेली जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। जैसे परिवार वाले घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना



मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।


# दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिशारतगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां गांव के पास तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगे चल रही बाइक सड़क पर पलट गई और उसपर सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। घायलों की पहचान सिंहा गांव निवासी 28 वर्षीय मोनू पुत्र सतीश कुमार और उनके साढ़ू सतीश के रूप में हुई है। दोनों अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गेनी स्थित ससुराल से घर लौट रहे थे कि रास्ते में यह हादसा हो गया।

हादसे में मोनू गंभीर रूप से घायल



हो गए। उन्हें पहले मझगवां स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन मोनू को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी हालत अब भी खतरे में बनी हुई है। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली बाइक मौके से फरार हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# कैम्प लगाकर लोगों को जीएसटी पंजीकरण के लिए किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जीएसटी कैम्प लगाकर लोगों को जीएसटी पंजीकरण के लिये जागरूक किया गया। इस दौरान व्यापारियों को बताया गया कि जीएसटी पंजीकरण व्यवसायियों को कानूनी तौर पर अपने ग्राहकों से कर संग्रह और आपूर्तिकर्ताओं के लिए कर लाभ प्राप्त करने में मदद करता है।

नगर के वेलकम पैलेस में आयोजित बैठक में बरेली के अधिकारी एसी ए श्रुति पाण्डेय और सतीश चंद्र ने कहा कि लागत में कमी जीएसटी के तहत व्यापार 100



प्रतिशत माल और सेवा कर अनुरूप हो जाता है, जिससे लागत कम होती है।व्यापारी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं, और मुनाफे में सुधार कर सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण व्यवसायियों को ऑनलाइन, आयात-निर्यात जैसे विभिन्न चौनलों के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार करने में मदद करता है।

जीएसटी पंजीकरण व्यवसायियों को विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की निविदाओं में भाग लेने में मदद करता है। जिन व्यवसायियों का कारोबार 20 लाख रुपये प्रतिवर्ष से अधिक है। जिन व्यवसायियों का व्यापार एक से अधिक राज्य में चलता है।

जिन व्यवसायियों ने पहले से वैट, उत्पाद शुल्क, सेवा कर आदि के तहत पंजीकरण कराया है। इस मौके पर सैफुल चमन, तसलीम अहमद, मो. नाजिम, फैजान व अधिवक्ता हाजी मो. अली, मो. शादाब, राकेश, जीशान बक्श आदि मौजूद रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीआइजी अजय साहनी ने संभाला प्रभार

■ बोले- अधिकारी हों या थाना प्रभारी, दो से तीन घंटे रोज सुनें समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आईजी डॉ. राकेश सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद बरेली में तैनात हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बुधवार रात बरेली आकर अपने पद का प्रभार ले लिया। बृहस्पतिवार को उन्होंने अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता में स्पष्ट किया कि सरकार और डीजीपी की प्राथमिकता है कि फरियादियों की समस्याएं सुनी जाएं। इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। कोई भी वरिष्ठ अधिकारी हो या थाना स्तर के अधिकारी, उन्हें दो से तीन घंटे अपने दफ्तर में बैठकर जनता की बात सुननी ही होगी। डीआईजी ने निर्देश दिए हैं कि दफ्तर में आए आखिरी फरियादी की समस्या सुनकर ही उठना होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। डीआईजी ने कहा कि बीट प्रणाली पुलिस विभाग की रीढ़ है। बीट प्रणाली को मजबूत किया जाएगा, और पांच-पांच सिपाहियों को अचानक बुलाकर बीट बुक चेक की जाएगी। सूचना को गंभीरता से नहीं लेने वाले लापरवाह पुलिस वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वार्ता के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य भी यहां मौजूद रहे।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार और अपराध नियंत्रण के लिए काम किए जाएंगे। जिस तरह से साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं, उसपर लगाम लगाने के लिए लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। साइबर क्राइम पुलिस को भी विशेष प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। साइबर क्राइम के मामलों पर लगाम लगाने के प्रयास किए जाएंगे।

नए डीआईजी ने साफ किया है कि बरेली और शाहजहांपुर के मादक पदार्थ तस्करों और उनके मददगारों पर बड़ी कार्रवाई करेंगे। पांच साल में जो भी तस्कर पकड़े गए हैं, पुलिस उनकी कुंडली खंगाल रही है।

# बरेली में पैक हाउस का होगा निर्माण: कमिश्नर

■ पैक हाउस बनने से मण्डल के समस्त जिले, आस-पास का क्षेत्र व उत्तराखण्ड के भी कृषकों, एफपीओ व निर्यातकों को होगा लाभ, निर्यात की बढ़ेंगी संभावनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** गुरुवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में बरेली में पैक हाउस बनाने के सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक कमिश्नरी सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में बताया गया कि जनपद बरेली में पैक हाउस बनने से मण्डल के समस्त जिले, आस-पास का क्षेत्र व उत्तराखंड के भी कृषकों, एफपीओ व निर्यातकों को लाभ होगा और अपने क्षेत्र से निर्यात की संभावनाएं बढेग्ंगी।

बैठक में मण्डल स्तरीय विपणन अधिकारी व मण्डी सचिव द्वारा बताया गया कि तहसील नवाबगंज मण्डी में पैक हाउस बनाए जाने हेतु पर्याप्त स्थान है, जिसपर कमिश्नर द्वारा कृषकों और निर्यातकों से उनके विचार व किस प्रकार की सुविधाएं उन्हें चाहिए इस संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में एपीडा से डा. सीबी सिंह ने आनलाइन बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पैक हाउस को बरेली के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य पार्ट मण्डी परिषद से होगा, पैक हाउस स्थापित करने को लेकर पर्याप्त जानकारी मण्डी परिषद के पास हैं।

कमिश्नर ने पूछा कि पैक हाउस में आमतौर से सार्टिंग, ग्रेडिंग व पैकेजिंग की सुविधा पर उपलब्ध होती है। इसके अतिरिक्त भी कोई सुविधा यदि निर्यातकों को चाहिए तो वह अपने विचार रख सकते हैं। उसे भी सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा, जिसपर कृषकों, एफपीओ संचालकों द्वारा कोल्ड रुम, वांशिग लाइन, स्कोप ऑफ एक्सपेंशन की सुविधा भी उपलब्ध कराए जाने के सुझाव दिए, साथ ही फ्रोजन सिस्टम को भी जोड़ने का सुझाव दिया गया, क्योंकि ताजा फल, सब्जी आदि सिजनल होते हैं और बहुत शीघ्र खराब हो जाते हैं।

बैठक में सुझाव दिए गए कि पैक हाउस का निर्माण हेतु शहर से बाहर और हाइवे के निकट स्थान चिन्हित किया जाए, जिससे बड़े ट्रक व कंटेनर आ-जा सकें और वे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और नोएंट्री की समस्या में न फंसे। फ्रोजन सिस्टम पैक हाउस के निकट ही प्राइवेट स्तर से भी आरम्भ कराया जा सकता है। बैठक में निर्देश दिए गए कि व्यापारियों को निर्यात हेतु उत्पादों की क्वालिटी मेंटेन करने हेतु कृषकों, एफपीओ आदि को प्रशिक्षण भी दिया जाए, जिससे जो क्वालिटी निर्यात हो सकती है उसका उत्पादन किया जा सके। आईक्यूएफ की स्थापना हेतु पूर्व अनुभवी लोगों से सुझाव लिए जाएं। आमतौर पर कृषकों निर्यातक को अपने उत्पाद बेच देते हैं। कृषकों को भी प्रोत्साहित किया जाए कि वे स्वयं निर्यात करें। उ0प्र0 निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड भी बन गया है जो निर्यात में सहयोग करता है। बैठक में कमिश्नर द्वारा निर्देश दिए गए कि आलू का पैक हाउस बनाने हेतु वाशिंग लाइन का होना महत्वपूर्ण है। अत: निर्यात की दृष्टि से आलू, मिर्च, शिमला मिर्च की मण्डल स्तरीय समिति बनायी जाए व व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया जाए, जिससे कृषक, एफपीओ व सम्बंधित अधिकारी आपस में सहजता से समन्वय स्थापित करते हुए इस कार्य को गति दे सकें।

# प्रबंधक ने किया साढ़े तीन करोड़ का गबन

## 121 किसानों के नाम फर्जी खाते खोलकर किया था घोटाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा बलदाना हीरा सिंह में तैनात प्रबंधक ने 121 फर्जी कृषि ऋण खाते खोलकर तीन करोड़ 45 लाख रूपये गबन कर लिये। अधिकारियों की जांच में इसका खुलासा हुआ। रजबपुर पुलिस ने तत्कालीन बैंक प्रबंधक व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच लखनऊ स्थानान्त्रित कर दी है।

मामला प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव बलदाना हीरा सिंह शाखा से जुड़ा है, जिसका क्षेत्रीय कार्यालय गजरौला में है। एफआईआर के मुताबिक मुरादाबाद की सूर्यनगर लाइन पार कॉलोनी निवासी मनोज कुमार सैनी को तीन जुलाई 2020 को इस शाखा में प्रबंधक के पद पर तैनाती मिली थी। इसके बाद वह 26 मई 2023 तक इसी शाखा में प्रबंधक रहे। उनके यहां से तबादले के बाद कमल कांत टंडन को शाखा प्रबंधक की जिम्मेदारी मिली थी। घोटाला चार नवंबर 2023 को उस समय पकड़ में आया जब बैंक के मंडल स्तरीय अधिकारी शाखा का नियमित निरीक्षण करने पहुंचे। कृषि ऋण से संबंधित खातों में संदिग्ध लेनदेन सामने आने पर बैंक अधिकारियों के होश उड़ गए। इसके बाद तत्कालीन शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सैनी के कार्यकाल में हुए लेनदेन की विभागीय जांच कराई गई तो किसानों के नाम पर 121 फर्जी कृषि ऋण खाते खोलकर 3.45 करोड़ रुपये का गबन करने का सच सामने आया। चौकाने वाली बात ये थी कि इन ऋण खातों से संबंधित कोई भी फाइल या वाउचर बैंक रिकार्ड में मौजूद नहीं था और सारा लेनद. ेन आरोपी प्रबंधक मनोज कुमार सैनी की यूजर आईडी से हुआ था। जांच में दोषी मिलने पर प्रबंधक मनोज कुमार सैनी को निलंबित कर दिया गया था। वर्तमान शाखा प्रबंधक कमल कांत टंडन ने मामले में तत्कालीन एसपी कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन मामला 3.45 करोड़ रुपये के गबन से जुड़े होने पर पुलिस ने अपनी जांच कर रिपोर्ट शासन स्तर पर भेज दी थी। कृषि ऋण की आड़ में किए गए इस 3.45 करोड़ रुपये के गबन की जांच आर्थिक अपराध से जुड़ी लखनऊ की ईओडब्ल्यू शाखा द्वारा की जाएगी। पुलिस ने तब इस प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से कराए जाने की सिफारिश की थी। लेकिन हाल में शासन ने अमरोहा पुलिस से इस मामले मे एफआईआर दर्ज कर जांच लखनऊ भेजने का निर्देश दिया था। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में रजबपुर थाना पुलिस द्वारा तत्कालीन बैंक प्रबंधक मनोज कुमार सैनी तथा एक अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही

■ बलदाना हीरा सिंह स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का मामला



■ गजरौला। ट्रैक्टर ट्राली पलटने के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़



■ मंडी धनौरा। स्वर्ण पदक जीतने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

# किसान के घर से ट्रैक्टर चोरी का प्रयास

## दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मेन गेट का ताला तोड़ने में नाकाम चोर छत के सहारे किसान के घर में कूद गए। घेर में खड़ा ट्रैक्टर लेकर भागते समय आहट होने से परिवार में जाग हो गई। मंसूबा नाकाम होने पर चोर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। किसान की शिकायत पर पुलिस ने मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जिवाई की है। यहां पर किसान प्रेमपाल सिंह का परिवार रहता है। मंगलवार रात परिवार के सभी लोग सोए हुए थे। देर रात में पहुंचे दो चोरों ने पहले मेन गेट पर लगा ताला तोड़कर घर में घुसने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद चोर छत के सहारे प्रेमपाल सिंह के घर में कूद गए और ट्रैक्टर चोरी कर भागने लगे। ट्रैक्टर स्टार्ट होने की आवाज से परिवार में जाग हो गई। खतरा भांप कमरे से बाहर निकले प्रेमपाल सिंह ने चोरों को देखकर शोर मचा दिया। आवाज सुनकर आस-पास घरों में भी जाग हो गई। खुद को घिरता हुआ देख चोर ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बाद में काफी तलाश किया लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर किसान की मौत

## थाना क्षेत्र के गांव शरीकपुर शुमाली में हुआ हादसा, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ट्रैक्टर ट्राली पलटने से नीचे दबकर किसान की मौत हो गई जबकि मासूम बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना का पता चलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई तो वहीं गांव के तमाम लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला में होराम का परिवार रहता है। उनका पुत्र जय हिंद राठी (45) ट्रैक्टर लेकर खेत पर गन्ने की बुबाई करने गए थे, गांव के कुछ लोग उनके साथ में थे। कृषि कार्य पूर्ण करने के बाद जयहिंद खेत से ट्रैक्टर लेकर अपने घर आ रहे थे। गसंच शरीकपुर शुमाली के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर का पहिया अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गया और ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पर बैठे जय हिंद की नीचे दबकर मौके पर मौत हो गई, जब की अमित (25) पुत्र आनंद, मोहित (12) पुत्र गजेन्द्र और मासूम बच्ची कनक (5) घायल हो गए, जो जयहिंद के साथ ही ट्रैक्टर ट्राली में सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत एंबुलैंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया। मासूम बच्ची कनक को मामूली खरोंचे हैं। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया, और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया है।

■ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा



# शहीद भगत सिंह स्कूल के छात्रों का दबदबा

## स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश स्तर पर लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के गांव हरपुरा में स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक सहित अन्य पदक जीत कर प्रदेश में जिले के साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया।

स्कूल के प्रबंधक रोहित सांगवान ने बताया कि बुधवार को सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग एक हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया। शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने तीन गोल्ड मेडल जीत कर अपने जिले व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। अंडर 12 भाला फेंक में रुद्र चौधरी, अंडर 8 में आयुषी चौधरी ने लम्बी कूद में गोल्ड मेडल जीता, अंडर 10 में विधि धारीवाल ने लम्बी कूद में गोल्ड मेडल जीता, अंडर 12 रिले रेस में आरव चौधरी, भव्य चौधरी , उत्कर्ष कुमार, मनप्रीत गिल तीसरे स्थान पर रहे । स्कूल प्रबंधक रोी. हत सांगवान से बताया की बच्चों की इस सफलता के पीछे उनके कोच हरमेन्दर चौधरी उर्फ विक्की भाई व साहयक कोच मुनिदेव सिंह का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर स्कूल के निदेशक जितेश कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, कोच बिक्की भाई व समस्त प्रदेश से आए कोच बच्चे मौजूद रहे।

# कॉलोनी बनानी, तो पहले दो दस लाख

## कोर्ट के आदेश पर आरोपी पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जोया रोड स्थित स्काई ड्रोन डेवलपर्स कम्पनी के स्वामी ने कालोनी निर्माण में बाधा पहुंचाने के आरोपी पर दस लाख रूपये न देने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मेरठ सिटी की शास्त्री नगर कॉलोनी के रहने वाले बृजेश चौधरी बिल्डर हैं। स्काई ड्रोन डेवलपर्स कंपनी के नाम से वह जोया मार्ग पर एक कॉलोनी का निर्माण करा रहे हैं। उनका आरोप है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मंडी चौब निवासी संजीव महेश्वरी द्वारा कॉलोनी निर्माण में बाधा उत्पन्न की जा रही है। उनके द्वारा बेवजह दस लाख रुपये की मांग की जा रही है। पैसे देने से इनकार पर नक्शे से जुड़ा एक विवाद एडीएम न्यायिक की कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि संजीव माहेश्वरी ने झूठा व फर्जी प्रार्थना पत्र न्यायालय में दाखिल किया है। जिसमें संजीव माहेश्वरी ने स्वयं को प्लाटिंग वाली जमीन में सहखातेदार बताया है जबकि उनका प्लॉटिंग के आस-पास की जमीन से कोई लेना देना नहीं है। आरोप है कि 26 मार्च को बृजेश चौधरी अपने साथी रिंकू के साथ किसी काम से कलक्ट्रेट आए थे। कलक्ट्रेट के बाहर निकलते समय संजीव माहेश्वरी व उसके साथियों ने उन्हें रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दस लाख रुपये नहीं मिलने तक कॉलोनी का निर्माण कार्य नहीं होने देने की बात कही। मामले में पीड़ित बृजेश चौधरी ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में आरा. ेपी संजीव माहेश्वरी व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एसडीएम सुधीर कुमार का तबादला

**अमरोहा**। कई वर्षो से जिले में डटे एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह का तबादला संत कबीरनगर कर दिया गया है। बताते चलें कि पिछले पांच सालों से जनपद में डटे एसडीएम सुधीर कुमार सिंह के पास सदर का चार्ज था। परन्तु शासन स्तर से उनका तबादला संत कबीरनगर के लिए कर दिया गया है। जबकि संत कबीरनगर के एसडीएम शैलेन्द्र कुमार दूबे का तबादला अमरोहा एसडीएम के पद पर हुआ है।

# एएनएम समेत तीन घरों से लाखों की चोरी

## दिनदहाड़े सीएचसी में चोरी की वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। चोरों ने एएनएम के घर समेत तीन स्थानों पर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दे दिया। तीन स्थानों पर चोरी होने के कारण इलाके में दहशत फैली हुई है। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है।

रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर श्रीमती नीरज एएनएम के पद पर तैनात हैं। गुरुवार को सुबह आठ बजे वह ड्यूटी पर अस्पताल आई हुई थी। इस दौरान चोरों ने घर में ताला लगा हुआ देखकर उसके कुंडे को उखाड़ लिया। उसके बाद कर चोर घर में घुस गये तथा अलमारी के लोकर को खोल कर सोने चांदी के जेवरात 1 लाख 30 हजार की नगदी को चोरी कर लिया। जब चोरी होने के बारे में एएनएम व परिवार के लोगों को पता लगा तो उनके होश उड़ गये। चोर उनके घर से सोने की चेन सोने का गणेश सोने की टॉपस सोने के कुंडल सोने के झुमके झुमकी सोने का टीके को चोरी कर लिया। इसके अलावा चांदी के जेवरात को भी चोरी कर लिया गया है। चोर उनके घर से कई लाख के माल को चोरी करके ले गये हैं। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय श्यामगढ़ी के कमरे के तालों को तोड़कर वहां रखे गैस सिलेंडर भागोने कुकर व अन्य सामान को भी चोरी कर लिया। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। इसके अलावा थाने के ही गांव चचोरा निवासी छत्रपाल पुत्र रामकिशन के परिवार के लोग वितर गहरी नींद सोये हुए थे। छत्रपाल आवारा पशुओं से खेती की रखवाली करने के लिए हुए जंगल गया था चोरों ने इसका फायदा उठाया तथा उनके घर में घुस गये। चोरों ने घर में रखे 94000 कीमत के सोना चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। इसके आलावा चोरों ने 90000 की नजदीक को चोरी कर लिया अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी गई है। तीन स्थानों पर एक साथ चोरी होने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# आंधी में गिरा टीन शेड में दबकर ग्रामीण घायल

## बारिश से कई स्थानों पर जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव बौना वाली डगरौली में गुरुवार दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। आंधी के चलते दो मंजिला मकान टीन शेड भरभराकर गिर गया। जिससे मकान मालिक मंगला गंभीर रूप से घायल हो गये ।

इसी दौरान बराबर में स्थित गांव निवासी जयपाल और उनकी पत्नी राजो अपने टीन शेड में बैठे थे। अचानक दो मंजिला मकान की ईंटें उनके टीन शेड पर आ गिरी। जिससे शेड पूरी तरह से टूट गया। और पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गये। उन्होंने मलबे में दबे मंगला और टीन शेड के नीचे फंसे जयपाल व राजो को बाहर निकाला और आनन-फानन में नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है

# वन विभाग की आठ बीघा भूमि करायी कब्जामुक्त

## कब्जाधारियों में मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। वन विभाग में रातों-रात पेड़ काटने के बाद करीब आठ नौ बीघा जमीन पर किये गये कब्जे को जमीदोज कर दिया। वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव मटीपुरा के माफियाओं ने पड़ोसी गांव छपना में मौजूद वन विभाग के करीब आठ नौ बीघा जमीन स्वागत रातों-रात पेड़ों को काट दिया। उसके बाद माफियाओं ने जमीन पर की बाउंड्री कर ली। जैसे ही वन विभाग को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आला अफसरों को इसके बारे में जानकारी दी। गुरुवार को वन क्षेत्राधिकार नरेश कुमार के नेतृत्व में रहरा थाना पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने किये गये कब्जे को जेसीबी से जमीदोज कर दिया। वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई स्वागत माफियाओ में हड़कंप मच गया। वन विभाग की कार्यवाही को देखकर कब्जा करने वाले माफिया मौके से फरार हो गये। माफियाओ द्वारा वन विभाग की सैकड़ो भूमि बीघा भूमि पर कब्जा किया हुआ



है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया वन विभाग की भूमि को कब्जामुक्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया वन विभाग की भूमि पर किसी भी हाल में किसी को कब्जा नहीं करने जायेगा

# नौ प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज से भुगतान करे बीमा कम्पनी

## उपभोक्ता फोरम से सुनाया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्लेम देने से इनकार करने पर बीमा कंपनी को नौ प्रतिशत ब्याज के साथ धनराशि की अदायगी का आदेश दिया है। बेटे की मौत होने पर मां की ओर से क्लेम का दावा किया गया था लेकिन बीमा कंपनी ने उसमें कमियां निकालकर दावा निरस्त कर दिया था। अब फोरम ने साथ में आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना के अलावा वाद खर्च के रूप में 25 हजार रुपये रुपये जुर्माना भी लगाया है। बीमा कंपनी को धनराशि एक महीने के भीतर देनी होगी।

मुरादाबाद की कपूर कंपनी के पास रहने वाली विमला देवी के बेटे सोनू वर्मा ने 17 मार्च 2023 को एक एजेंट के जरिए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस स्मार्ट इनकम प्लान कंपनी से अपनी पॉलिसी कराई थी। पॉलिसी में विमला देवी को नॉमिनी बनाया था। सोनू वर्मा ने 4337 रुपये मासिक प्रीमियम किस्त भी जमा की थी लेकिन पॉलिसी कराने के करीब दस दिन बाद सोनू वर्मा की अचानक तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। इसके बाद विमला देवी ने पॉलिसी की धनराशि का दावा किया तो बीमा कंपनी ने उन्हें भुगतान नहीं किया। आवेदन निरस्त करने का कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। मामले में विमला देवी ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए फोरम ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब कर लिया। जिसमें बीमा कंपनी ने मृतक सोनू वर्मा को पॉलिसी कराने से पहले कैंसर और अस्थमा की बीमारी से पीड़ित होने बताया तथा बीमारी छिपाने का भी आरोप लगाया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद फोरम ने बीमा कंपनी के इन्वेस्टिगेटर द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को मनगढ़ंत करार दिया। स्पष्ट कहा कि पीड़िता के दावे को खारिज करने के उद्देश्य से बीमा कंपनी ने अपनी रिपोर्ट तैयार की है। जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने कंपनी को बीमा की कुल धनराशि 5. 17 लाख रुपये को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज समेत देने का आदेश दिया। साथ ही कंपनी पर पीड़िता की आर्थिक और मानसिक कष्ट के लिए 15 हजार और वाद खर्च के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# यैलो डे पर बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

## एएसएम खाता में मनाया त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। येलो डे पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी का दिल जीत लिया। वह अपने साथ पीली वस्तु लेकर स्कूल पहुंचे।

रंगों का महत्व समझाने के लिये एएसएम स्कूल में येलो डे का आयोजन किया गया। बच्चे अपने साथ पीली वस्तु जैसे आम, केला व पीले लडडू लेकर पहुंचे। उन्होंने कविताओं व डांस के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी को मोह लिया। एलकेजी, यूकेजी तथा अन्य कक्षा के बच्चों ने सूरज चमके, पीली तेरी टोपी आदि पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम में भाग लेने बच्चे पीले वस्त्र पहने थे। प्रधानाचर्य चारू वार्ष्णेय ने सभी बच्चों की सरहाना की। पीले रंग की पहचान, पीले फूलों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी को येलो डे पाार्टी की बधाई देते बच्चों के उज्वल्ल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में गुलनिशा, अनामिका, रेशमा, शिल्पा आदि ने पूरा सहयोग दिया।

# चेयरपर्सन पर लाखों के घोटाले का आरोप

## नौगांवा के सभासद खोलेंगे मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांव सादात**। सभासदों ने नगर पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यो में लाखों रूपये की धांधली का आरोप लगाते डीएम से शिकायत करने की रणनीति बनायी।

गुरूवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरपर्सन सुबीना जैदी के विरोधी सभासदों ने बैठक की। जिसमें उन्होंने आरोप लगाते कहा कि साठ लाख रूपये की एलईडी तिरंगा लाइटे नगर पंचायत में लगवायी थीं जो एक महीने से ज्यादा नहीं चली इसमें भरपूर भ्रष्टाचार किया गया है। वार्ड नम्बर आठ में थाने के सामने मौलाना सीमेंट वाली साइड में इंटरलाकिंग टाइल्स के कार्य 27 लाख रूपये की फर्जी फाइल दोबारा तैयार की गयी है। वार्ड पांच में हुसैनी चौक से पैट्रोल पम्प तक नाला पहले से आरसीसी से कवर था लेकिन फिर भी अध्यक्षा द्वारा नगर पंचायत पर दबाव डालकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना से प्राप्त धनराशि से 32 लाख रूपये का टैंडर जारी करा लिया। इसके अलावा कई कामों में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। उन्होंने डीएम से शिकायत करने का मन बनाया है। बैठक में अब्बास हैदर, मौहम्मद कामिल, रिजवान हैदर, राशिद अली, नर्गिस परवीन, मरगूब हैदर, हैदर अली, नजफ अली आदि शामिल रहे।

# शमीम पाशा ने रखीं ऊर्जा मंत्री के सामने समस्या

## कहा: लंबे समय से लोग हैं परेशान जल्द हो समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** ब्लॉक के लालवारे के ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान



ग्रामीण सहकारिता समिति के मौजूदा चेयरमैन हाजी मुहम्मद शमीम पाशा ने ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर के समक्ष ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए एक लिखित शिकायत रखी जिसने 11 हजार की एसटी लाइन हटवाने और 100 केवी की जगज 250 केवी का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की उन्होंने कहा लंबे समय से हाई टेंशन लाइन आबादी के ऊपर से गुजर रही है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आए दिन हादसे होते रहते हैं। लंबे समय से लोग इसे हटवाने की मांग कर रहे हैं। साथी गांव में लगा 100 केवी की जगह 250 केवी ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की भी मांग उठाई जिससे लोगों को समस्या का समाधान न करना पड़े छोटा ट्रांसफार्मर राखी होने की वजह से अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। लेकिन शिकायत पर ऊर्जा राज्य मंत्री ने जल्द ही शिकायत का संज्ञान लेकर समस्या का निदान का आस्वाशन दिया।

# एसएम कॉलेज में आयोग से आए प्राचार्य को नहीं टिकने दिया जाता: प्राचार्य दानवीर यादव

## छात्र-छात्राओं के हितों का मुद्दा उठाने पर हुए षडयंत्र का शिकार

**चन्दौसी।** अनियमितताओं के चलते पहले निलंबन फिर बगैर बीसी



कोर्ट के आदेश के सेवाएं समाप्त कर दी गईं। एस. एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी में एक साथ तीन प्रोफेसरों को सेवामुक्त कर दिया जिसमें एक महिला संविदाकर्मी है जो लंबे समय से बीएड विभाग में कार्यरत है। वहीं गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद ने विश्व विश्वविद्यालय की प्रथम नियमावली, अधिनियम 1973 से कुलपति को प्रदत्त शक्तियों एवं विश्वविद्यालय की प्रथम पीठ नियमावली के सेक्शन 49 में वर्णित प्रावधान सेवा समाप्त करने का 18 अप्रैल 2025 को जारी आदेश विधि सम्मत न होने के कारण शून्य घोषित किय गया। इसी आदेश के तहत प्राचर्य कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य का कार्यभार संभाला ही था परंतु उसी समय निल. बन आदेश मैनेजमेंट ने जारी कर दिया। वहीं प्राचार्य कार्यालय में कोई गड़बड़ न हो तुरंत पुलिस बला ली गयी, अगले दिन कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय को सील कर दिया गया। गुरुवार को प्राचार्य डा0 दानवीर यादव ने बहजोई रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर प्रेसवाता में पक्ष रखते हुए कहा कि एस.एम. कॉलेज एक ऐसा कॉलेज है जिसमें आयोग से आये किसी प्राचार्य को नहीं टिकने दिया जाता। पूर्व में भी चार प्राचार्यों के साथ इस तरह की घटना हो चुकी है। पूर्व में भी कई प्राचार्य कॉलेज छोड़कर चले गये। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज की प्रशास. निक जिम्मेदारी उनकी है। इसमें प्रबंधक कमेटी का दखल नहीं चलेगा। मैं एक एकल प्राचार्य हूं जो दो वर्षों का समय पूरा कर पाया। लोग चाहते हैं कि पूर्व प्राचार्यों की तरह छोड़कर चला जाऊं परंतु मैं ऐसा नहीं करने वाला। मुझे मैनेजमेंट की शह पर षडयंत्र का शिकार बनाया जा रहा है और मुझ पर यौन शोषण जैसे जघन्य आरोप लगाये गये। मैंने हमेश कॉलेज को सर्वोपरि रखा जिसके तहत छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल खोलना, बिजली का सारा बिल कॉलेज से जमा कराया जाना, प्रबंधक द्वारा कॉलेज का नक्शा देना, दुकानों का किराया समिति के खाते में जाना, लॉ कॉलेज एवं इंटर कॉलेज की भूमि को समिति के नाम कर उसे खुर्द-बुर्द करने के संबंध में जानकारी ली गई परंतु प्रबंधक कमेटी को उनकी यह बात अच्छी नहीं लगी। प्राचार्य ने कहा कि जिस महिला सहायक प्रोफेसर से विवाद बताया जा रहा है, उससे संबंध काफी अच्छे रहे और कॉलेज के हित में कार्य किये परंतु कुछ समय बाद प्रबंध कमेटी को कॉलेज की प्रगति अच्छी नहीं लगी और पूर्व प्राचार्यों की तरह मैं भी षडयंत्र का शिकार हो गया परंतु कॉलेज के हितों सदैव ध्यान रखेंगे। प्रदेश में अंग्रेजों के शासन के जमाने का कॉलेज धीरे-धीरे समाप्त हो जाए, वह ऐसा नहीं होने देंगे। प्राचार्य ने कहा कि प्रबंध कमेटी अपना दायित्व निभाए और वह अपना दायित्व निभायेंगे जिससे छात्रों के भविष्य निर्माण हेतु कार्य किया जा सके।

## एक नजर

### उत्तराखंड की रोडवेज बस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत पति घायल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया के पास जुबली ढाबे के पास उत्तराखंड काठगोदाम की रोड़वेज बस ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करते समय बाइक में टक्कर मार दी हादसे में पत्नी पूजा की मौत हो गई जबकि पति नरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी नरेन्द्र अपनी पत्नी पूजा के साथ बुधवार दोपहर




बाद लगभग साढ़े तीन बजे रामपुर से घर लौट रहा था टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया समीप जुबली ढाबे के पास उत्तराखंड की रोडबेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची दलपतपुर चौकी पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवा दिया जहाँ डाक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया, एसएचओ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है, दलपतपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि सड़क दुघर्टना बुधवार की दोपहर बाद की है, रोड़वेज बस और बस स्टाफ को मौके से पकड़ लिया है और मृतक के परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक पर की खुशी जाहिर

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के सदस्यों ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक पर खुशी जाहिर की। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि मोदी सरकार की सूझबूझ एवं सेना के पराक्रम से मात्र 15 दिन में आतंकियों को उनके आशियानों सहित ध्वस्त करके दुनिया को बता दिया है कि अब ये नया भारत है, जो दुश्मन को घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है।

अब समय इस आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने पर




सरकार और सेना का आभार व्यक्त किया। वीना वार्ष्णेय ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को बहनों के सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों से सिंदूर का बदला लेकर देश का युवा, महिला एवं बुजुर्ग सभी अपने आप को गौरवन्वित महसूस कर रहें हैं। भारत की ओर आंख उठाने वाले हर व्यक्ति एवं देश का यही अंजाम होगा। इस दौरान तिरंगा फहराकर एवं महिलाओं ने मांग में सिंदूर भरकर खुशी मनाई। इस दौरान सुशील भोलेनाथ, आकाश शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश बाबू, विपिन बाला. जी, दुर्गेश पाल, बबिता गुप्ता, प्रभा गुप्ता, चारुल वार्ष्णेय, डॉ जयशंकर दुबे, रंजना वार्ष्णेय, महेश पाल, डोली, कुमकुम वार्ष्णेय, महिमा वार्ष्णेय, ज्ञान देवी, राधिका, दिविशा आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया मनोहारी वर्णन

**चन्दौसी।** नगर के सुभाष रोड स्थित श्रीरघुनाथ मंदिर में 08 मई 2025 को रमेश अधीर कृत नवीनतम भागवत ग्रंथ 'श्रीमद्भागवत महापुराण काव्य कथामृत' के आधार पर संगीतमयी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस की कथा में कथावाचक शिवशंकर भारद्वाज ने नंदोत्सव की विस्तृत चर्चा करते हुए



भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा मनोरम वर्णन किया कि श्रोता अपनी सुध-बुध भूलकर झूमते, नाचते, आनंद मनाते दिखाई दिये। आज की कथा का मुख्य आकर्षण गिरिराज का पूजन एवं छप्पन भोग रहा। इस अवसर पर में लवकुश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ हरिप्रकाश, अग्रवाल, स्वाति, सुमित गोयल, शोभित अग्रवाल, जय शंकर दुबे, विपिन कुमार गुप्ता, पुलकित अग्रवाल, अविनाश जौहरी, ओमप्रकाश गोगी, अनिल अग्रवाल, डॉ प्रेमकांता अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एक सप्ताह में दो मामलों में सजाएं, अपराधियों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला अपराधों के सरकार सजग है, महिला सशक्ती करण के चलते उत्तरप्रदेश सरकार भी कटिबद्ध है। समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे संगीन अपराधों में इसके चलते कमी आयी है। न्यायालय का रुख सख्त है, साक्ष्य मिलने पर अपराधियों को कठोर सजाएं की जा रही हैं जिससे अपराध करने वालों को पता चले। महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराध करने वालों को कानून किस तरह से शिकंजा कसकर उनकी गर्दन तक न्याय देवी का हाथ पहुंचकर न्याया दिलाता है। यदि संभल जनपद न्यायालय स्थित चन्दौसी की बात करें तो पिछले सात दिनों में लैंगिक अपराध, यौन शोषण, अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में दूसरे जनपद से स्थानांतरित होकर आये अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा दो अभियोगों से सजाएं कर महिलाओं के प्रति अपराध करने वाले को विद्वान न्यायाधीश अवधेश सिंह अभियोग संख्या 141/2019 अंतर्गत धारा 363,366, 376, 3(2), एससी एसटी एक्ट थाना धनारी जिला संभल में अभियुक्त तेजपाल पुत्र रामनिवास को बीस वर्ष का करावास व 58 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही सहअभियुक्त किशनलाल पुत्र रामनिवास को 05 वर्ष का कठोर कारावास दिया गया। एक ही सप्ताह में दो मामले में सजा होने से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। विद्वान न्यायाधीश के अनुसार, अभियोग की पत्रावली से पता चल जाता है कि सच्चाई क्या है।

## ऐतिहासिक बावड़ी की सुरक्षा व प्रगति कार्य को सुचारु करने की मांग उठाई

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम् द्वारा जिलाधिकारी संभल डा0 राजेन्द्र पैंसिया को ज्ञापन देकर चन्दौसी के लक्ष्मगणंज मौहल्ला स्थित ऐतिहासिक धरोहर बावड़ी की सुरक्षा व प्रगति कार्य सुचारु रुप करने की मांग की गई। कौशल किशोर ने कहा कि उक्त बावड़ी पर लगभग 15 दिन तक प्रगति कार्य चला था जिससे बावड़ी का प्रथम तल व द्वितीय तल सकुशल सामने आ गया है लेकिन उसके बाद से ही प्रगति कार्य को किसी कारणवश रोक दिया गया है। जल्द ही वर्षा काल का आरंभ होने वाला है, बावड़ी की सुरक्षा के लिये तिरपाल आदि से ढका गया था, वह अब जगह-जगह से फट चुका है। वर्षा का पानी भरने से बावड़ी की इमारत क्षतिग्रस्त होने की आशंका है।

# श्रीनारायण सेवा समिति ने पूर्व संध्या पर मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में पूर्व संध्या पर राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को भोलेनाथ भवन में आयोजित किया गया जिसमे वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किये तथा पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संरक्षक के.जी. गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। बृजगा. पाल गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप बचपन में भीलों के साथ युद्ध कला सीखते थे और बचपन से ही वीर एवं बलशाली थे। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि महाराणा प्रताप उदयसिंह व जयवंत कुंवर के पुत्र तथा राणा सांगा के पौत्र थे। हरीश कठेरिया एड. ने कहा कि राणा प्रताप के काल में दिल्ली में मुगल शासक अकबर का शासन था जो समस्त भारत को अपने अधीन




करना चाहता था। डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि लगातार 30 वर्षों के प्रयास के बावजूद महाराणा प्रताप ने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। मुख्य वक्ता डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि आज का परिदृश्य विजय और गौरव गाथा से भरा हुआ है, आज भी महाराणा प्रताप जैसे वीर उपस्थित हैं।

कृष्णगोपाल मंगलम् ने कहा कि अधिक दबाव बढ़ने पर महाराणा प्रताप जंगलों में चले गए और घास की रोटियां खाकर जीवन निर्वाह किया। सचिन शर्मा एड. ने कहा कि भारत वीरों का देश है और हमारे सैनिक प्राणपण से सेवा करते हैं। विपिन गुप्ता ने कहा कि हमें गर्व है कि राणा प्रताप ने जिस प्रकार देश की रक्षा की उसी प्रकार आज भी हमारे वीर सैनिक रक्षा करते हैं।

कार्यक्रम में भारत द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक पर आतंकी अड्ढों को ध्वस्त करने पर प्रसन्नता व्यक्ति की गई।

# कोतवाली परिसर में वर्ष 1907 में बनी बैरक व क्वॉटर धराशायी

**चन्दौसी।** कोतवाली चन्दौसी अंग्रेजों के जमाने की है। उसी समय कोतवाली पसिर में पुलिसकर्मियों को रहने के लिए बैरक बनायी गयी थीं। खंडहर में मिली ईंटों से पता चलता है कि ईंटों पर वर्ष 1907 अंकित है। इसका अर्थ यह है कि कोतवाली क्वाटरों का निर्माण 118 वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन लंबे समय के बाद पुलिसकर्मियों की बैरक जर्जर हो गयी थी। संभवत: कभी भी धराशायी हो सकती थी। कई बार बंदरों ने ईंटों को भी गिरा दिया था। इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार द्वारा स्टाफ की मौजूदगी में जर्जर बैरकों एवं क्वाटरों का मलवा साफ कराया लेकिन जर्जर क्वाटरों की ईंट बिल्कुल साफ निकलीं जिन पर 1907 अंकित है। इंस्पेक्टर मोहित कुमार के अनुसार, क्वाटर बिल्कुल जर्जर हो गये हैं, गिरने की आशंका थी, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से मलवा हटा दिया गया है।



# संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं बर्तन एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं बर्तन एसोसिएशन के साथ जीएसटी विभाग द्वारा एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1आरके द्विवेदी जी एवं ग्रेड 2 आरए सेठ द्वारा एक मीटिंग जीएसटी कार्यालय पर आरके द्विवेदी के कार्यालय पर आहूत की गई जिसमें जी माननीय आरके द्विवेदी ने बताया की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार इस मीटिंग का उद्देश्य व्यापारियों के बीच मैं भय और भ्रम की स्थिति को खत्म करना है और एक विश्वास की स्थिति को पैदा करना है। ईमानदार करदाता का किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा जो लोग समाधान योजना में आते हैं उनको भी इमानदारी से अपना टैक्स जमा करना चाहिए उनके द्वारा दिए गए टैक्स से ही सरकार उनके ही वेलफेयर की स्कीम चलाती है ग्रेड 2 आर ए सेठ जी ने कहा कि जो व्यापारी सही रजिस्टर्ड व्यापारी से वास्तव में माल का लेनदेन करेगा उसको किसी किस्म की भविष्य में कोई परेशानी नहीं आएगी जो बोगस फर्म या समाधान कर के नाम पर या फरजी तरीके से लेनदेन करेंगे।

उनका चेक करके उनसे टैक्स वसूला जाएगा। अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल अरविंद अग्रवाल जॉनी ने इस मीटिंग को सकारात्मक पहल बताया और कहा कि इससे व्यापारी को काम करने में सुविधा होगी महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा पिछले लगभग 18 महीने से व्यापार की स्थिति ठीक नहीं चल रही है ऑन लाइन बिजनेस ने और कंपटीशन की वजह से भी फर्क आया है नेताजी सुनील अग्रवाल ने डिनर सेट और माल को लाने और ले जाने में आ रही असुविधा को दूर करने के लिए व्यापारियों को जागरूक करने के लिए पत्रक द्वारा सूचित करने के लिए कहा इस मीटिंग में मुख्य रूप से नलिन अग्रवाल अमरीश अग्रवाल राकेश सिंहल रवि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर देहात विधानसभा में प्रबुद्ध समागम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महानगर के देहात विधान सभा के रामगंगा विहार मंडल के आर एस डी एकेडमी में एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में राज्यमंत्री डा. सोमेंद्र तोमर रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर ने दीप प्रज्वलित किया।

तदोपरांत वंदे मातरम का गायन किया गया। प्रबुद्ध समागम का अपने वक्तत्व से शुभारंभ करते हुए राज्य मंत्री डा.सोमेंद्र तोमर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत आजादी के बाद देश में 1952 से लेकर 1967 तक एक साथ चुनाव हुए थे सभी सरकारें 5 साल तक चली थी लेकिन कांग्रेस ने सन 1971 में इस परंपरा को ध्वस्त कर दिया। वही सब अब हम सब को मिलकर लागू करना है सभी राज्यों के चुनाव एक साथ करने का नियम बना सकते हैं इसके लिए हमें जनता के बीच आम सहमति लेनी है बार-बार चुनाव होने से विकासात्मक गतिविधियां ठप हो जाती है। एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रक्रिया लागू होने के बाद परिवारवाद की राजनीति पर रोक लग जाएगी। एक ही परिवार में एक ही व्यक्ति लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के विकास के लिए जरूरी है। बार-बार चुनाव से विकास प्रक्रिया बाधित होती है व अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है।सरकारी संसाधनों का अत्यधिक व्यय होता है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बार-बार बीएलओ के रूप में कार्य करने से स्कूलों में शैक्षिक कार्य प्रभावित होता है। देश



सीमा पर सुरक्षा करने वाले सैनिकों को बार-बार चुनाव कराने के लिए सीमा को छोड़कर आना पड़ता है। औसतन हर साल कई चुनाव होते हैं यदि एक साथ चुनाव कराए जाएं तो इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सभी से एक राष्ट्र-एक चुनाव पर जनमत बनाएं बार-बार चुनाव होने से सरकारी तंत्रों की व्यस्तता से विकास के कार्य प्रभावित होता है एक राष्ट्र एक चुनाव सांविधानिक प्रक्रिया थी, कांग्रेस ने इसे खत्म किया। मोदी जी कहते हैं कि जनता एक राय बना ले तो एक राष्ट्र एक चुनाव पारित किया जा सकता है डा. के के मिश्रा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है यहां आए दिन कोई ना कोई चुनाव होते रहते हैं लोकसभा विधानसभा स्थानीय निकाय के चुनाव बार-बार और अलग-अलग होते हैं जिससे प्रशासनिक मशीनरी पर बेवजह प्रभाव पड़ता और विकास कार्य बार बार प्रभावित होते हैं 1952 - 1967 में चार बार एक साथ चुनाव कराए गए जो की सफल भी हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल एक राजनी. तिक विचार नहीं, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने और शासन व्यवस्था को स्थिरता देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है इसे लागू किया जाना बहुत जरूरी है। एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करना देश को विकास की गति देने के लिए अच्छा कदम है जिसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए एक राष्ट्र, एक चुनाव वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक के बाद एक चुनाव होने से आचार संहिता लग जाती हैं जिससे सबसे अधिक विकास कार्य प्रभावित होते हैं। बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल आर्थिक संसाधनों की भारी बर्बादी होती है, बल्कि बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर सोमेंद्र तोमर डा केके मिश्रा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, नाथूराम कश्यप कमल गुलाटी कार्यक्रम सह संयोजक अजय वर्मा, राजू कालरा, डॉ विशेष गुप्ता, गिरीश वर्मा धर्मेंद्र मिश्रा, संजय शर्मा, साध्वी गीता प्रधान, दिनेश शीर्षवाल, सुरेंद्र बिश्नोई, महेंद्र सिंह बब्बू, विपिन प्रजापति, विशाल त्यागी, सर्वेश पटेल, अनुज शर्मा, मयंक कश्यप, चंद्र प्रजापति, मनमोहन सैनी, चकित चौधरी, सोमपाल वीरपाल शशीकिरण, मोनिका गौतम नीतू सागर विशाल डॉ हर्षवर्धन शर्मा, अमित शर्मा महावीर सिंह अभिनव सिंह टीटू सैनी विनय राजौरिया रोशन सैनी वीर पाल सैनी मनीष गुज्जर नूरहसन किशन सैनी विजय पाल सैनी विमलेंद्र कुमार पंकज शर्मा विनीता मल्होत्रा मीना सक्सेना शीतल बाल्मिकी मंजू सक्सैना मंजू शर्मा सोनल अग्रवाल सरिता कुमारी बबीता हरेंद्र शर्मा सागर सक्सैना योगेश गुप्ता मयंक कश्यप लवी मल्होत्रा अनुज शर्मा पिंकू गुप्ता नन्हे चौधरी प्रदीप सक्सेना विशाल शुक्ला योगेन्द्र रस्तौगी अर्चित गुप्ता तुषार विश्वास आशीष सक्सैना प्रदीप पाठक हरिओम सैनी ओ पी चौधरी नौशाद गौरव पांडे सौरभ सक्सैना सुमित कुमार बंटी सैनी अखलेश शर्मा नीरज कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं पार्षदगण शामिल रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर की गोष्ठी

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व भारत का झंडा लहराया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे तथा भारत माता जयघोष किया गया। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के कैंपों पर हमला कर लगभग 100 आतंकवादियों को मार डाला। सचिव भावना गुप्ता ने बताया कि आपरेशन सिंदूर अभी पूर्ण नहीं हुआ।

भारत इस बार आतंकवादियों से पूर्ण ठिकाने नष्ट कर के ही चौन लेगा तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भी वापस लेकर रहेगा।

कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने बताया कि भारत की इस समय की मोदी सरकार पाकिस्तान से बदला लेने के लिए दृढ़ संकल्पित है। गोष्ठी में कल्पना वार्ष्णेय, आशा गोस्वामी, भावना गुप्ता, रेखा रस्तोगी, निर्मल रानी, अंशु वार्ष्णेय, मीनू फैंसी, रीता गौड़, आभा रानी, कांता अदलखा, दिनेशचंद्र गुप्ता, मोहन नक्षत्र आदि मौजूद रहे।



## अतिक्रमण में टूटी दुकानों के मालिकों के साथ शहर विधायक ने की बैठक

# मीना बाजार पर बनेगा कॉम्प्लैक्स, केवल प्रभावित दुकानदारों को दी जाएगी सर्वप्रथम वरीयता: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जिन दुक. ानदारों को विस्थापित किया गया, उन्हें पुनः रोजगार स्थापित करने के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व चेयरमैन नगर पालिका परिषद एवं प्रभावित दुकानदारों के साथ बैठक की।

बैठक में उपस्थित समस्त दुकानदारों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गये, जिन्हें गम्भीरता से सुनते हुए उन पर भी विचार किया गया।

जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रभावित हुए व्यक्तियों के लिए मीना बाजार में कॉम्पलैक्स बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें दुकानदारों द्वारा अपनी सहमति व्यक्त करते हुए प्रशासन द्वारा लिये गये निर्णय की प्रंशसा की गयी है।

उन्होंने बताया कि कॉम्प्लैक्स में सर्वप्रथम वरीयता केवल प्रभावित दुकानदारों को दी जायेगी। उसके बाद शेष बची दुकानों को नियमानुसार आवंटित किये जाने का निर्णय लिया जायेगा।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि काम्प्लैक्स बनाने हेतु जो भी आवश्यक प्रक्रिया है, उसमें तेजी लायें, ताकि समय से प्रभावित दुकानदारों को पुनः अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने का अवसर मिल सके।

अभियान में नगर पालिका क्षेत्र रामपुर में लगभग 84 दुकानें अतिक्रमण मुक्त करायी गयी।



# अवैध अतिक्रमण में 30 दुकानों को कराया गया कब्जा मुक्त

## नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया गया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत पहाड़ी गेट स्थित नगर पालिका की शासकीय भूमि से लगभग 30 दुक. ानों सहित अवैध कब्जे हटवाये गये हैं। अतिक्रमित भूमि पर सौन्दर्यीकरण व अन्य कार्य कराये जाने हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।



बहुत समय से पहाड़ी गेट पर कैमरी को जाने वाले मार्ग पर स्थित नगर पालिका की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा दुकानें व खोखे आदि लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, जिससे आये दिन जाम एवं दुर्घटना होने की संभावनायें बनी रहती थी। नगर पालिका द्वारा इस भूमि को चिन्हित करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण मुक्त होने के पश्चात् मार्ग पूर्ण रूप से व्यवस्थित हो गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने पहाड़ी गेट पर ही स्थापित शहर के गन्दे नाले के अपशिष्ट जल को निकालकर स्वच्छ जल प्रदान करने वाले सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के संचालन आदि की स्थिति के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार अभियान जारी है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा शासकीय सम्पत्ति पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है, तो वह तत्काल जमीन कब्जा मुक्त कर दें।

## दो बाइकों की भिड़त में चार लोग घायल

# खेत में पराली जलाते समय धुंए के कारण बाइकें टकराई, एक बाइक ने पकड़ी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को स्वार बिलासपुर मार्ग पर इमरता राय गांव के सामने गांव रतनपुरा थाना अजीमनगर निवासी किसी काम से बाइक से भोट जा रहे थे अचानक सामने खेत मे पराली जलाते समय खेत से धुआं रोड पर उंड रहा था।जिसके कारण दोनो बाइक सवार एक दूसरे को देख नही पाए और आपस मे टकरा जाती है।बाइक पर सवार अर्जुन व संजीव पुत्र तोताराम व छिद्दा पुत्र रामलाल, तोताराम पुत्र नन्हू निवासी रतनपुरा थाना अजीम नगर किसी काम से भोट जा रहे थे। बाइकें भिंड़त के दौरान एक बाइक पिसल कर खेत मे पहुच गई जहाँ पराली जल रही थी इस कारण खेत मे गीरी बाइक ने आग पकड़ ली ओर जल कर राख हो जाती है। बाइकें टकराने से चारो बाइक सवार गम्भीर घायल हो जाते है जिन्हें राहगीरों की मदद अस्पताल पहुचाया गया कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुच गई।



## पुलिस ने एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बुधवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र छुन्नू लाल निवासी हरलाल पुर थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामबाबू ,हेड कांस्टेबल , अवेधश कुमार,मो. उस्मान आदि मौजूद रहे।

# सांसद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री से की रामपुर में नई सड़क के निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिले के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदबी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की ओर रामपुर जिले की समस्याओ से अवगत कराया और पत्र देकर रामपुर जिले में तहसील स्वार, तहसील शाहबाद और सैदनगर ब्लॉक को लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए उत्तराखण्ड के लिए नया मार्ग बनाने की मांग की।

भारत में आधुनिक सड़के और एक्सप्रेसवे को पिछड़े इलाको से जोड़ा जाये, जिसें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके, और आम जनता को अपार जन सुविधाये मिल सके, सांसद



मोहिब्बुल्लाह नदबी ने संसद में अपने संबोधन के दौरान उल्लेख किया था कि रामपुर जिला ऐतिहा. सिक और राष्ट्रीय दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, क्योंकि यह स्वतंतत्रा के बाद भारत में बिलय करने वाला पहला जिला था, लेकिन दुर्गभाग्यवश आज भी तहसील स्वार एवं तहसील शाहबाद व सैदनगर ब्लॉक बुनियादी विकास सुविधाओ से वंचित है इसलिए सांसद मोहिब्बुल्लाह नदबी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री नितिन गठकरी से मांग की, कि यदि अगर हमारे रामपुर जिले को लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए उत्तराखण्ड के लिए नया एक्सप्रेसवे बनेगा तब रामपुर जिले की तहसील स्वार व तहसील शाहबाद एवं ब्लॉक सैदनगर के लोगों को यायातात सही हो जाने से जन सुविधाए मिलेगी व रामपुर जिले का आर्थिक विकास होगा और रामपुर जिले के लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।

## गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में गुरुवार को भारतीय गौ रक्षा वाहिनी वाहिनी के प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हाफिज मुबारक को उनके घर पर पहुंचकर संगठन का पहचान पत्र पहनाकर जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने स्वागत किया।

इस दौरान संगठन के बारे में अनेक प्रकार की जानकारियां प्रेषित की और कहा कि संगठन एक साथ रहकर ही अपना कार्य सही से कर सकता है। कहते है एकता में ही शक्ति है समाज सेवा का ही कार्य अति आवश्यक है और संगठन के अनेक मुद्दों पर चर्चा की संगठन के प्रति ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपना कार्य को निभाना चाहिए तथा गौवंश के प्रति सजग रहना चाहिए।

## रामपुर पुलिस द्वारा मिशन रोड सेफ्टी के अन्तर्गत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में यातायात, रामपुर पुलिस द्वारा यातायत जागरूकता अभियान परवाह के अन्तर्गत सीआरपी चुंगी, अंबेडकर पार्क, राधा कट, स्टार चौराहा आदि स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु अवगत कराया गया । सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

# दहशतगर्द दरिंदों के दुस्साहस को दण्ड की देश एक सुर से गुहार करते हुए कह रहा था

## गांडीव उठाओ हे अर्जुन अब धर्म युद्ध का घोष करो: नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आज शंकरपुर स्थित अपने आवास पर प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दहशतगर्द दरिंदों के दुस्साहस को दण्ड की देश एक सुर से गुहार करते हुए कह रहा था, "गांडीव उठाओ हे अर्जुन अब धर्म युद्ध का घोष करो"।

रामपुर में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने कहा कि देश की इस आवाज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के गुलेस्तान को उसका कब्रिस्तान बना दिया। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने कहा कि बहनों के सुहाग उजाड़ने वालों की सल्तनत उजड़ रही है, दहशत गर्द दरिंदों के दंड, दमन का दौर उनके दाताओं अकाओं को दहलाने वाला है।



पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने कहा कि आतंकवाद की उपज को राष्ट्रीय उद्योग और आर्थिक कंगाली में अटंकवाद का मवाली बने पाकिस्तानी हुक्मरानों ने खुद्द अपनी बर्बादी की इबारत लिखी है, उन्हें भी मालूम है कि, भारत मुल्क को छेड़ोगे, तो भारत का मोदी छोड़ेगा नहीं। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने कहा कि आतंकवादी गुनाह पर इस्लामी गिलाफ चढ़ाकर इंसानियत को लहूलुहान करने वाले इस्लाम और इंसानियत के दुश्मन हैं। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने कहा कि टेररिज्म की टेरिटरी को टुकड़े टुकड़े करने और जुल्म जुर्म के जल्लादी जानवरों की जागीरदारी को जड़से जमींदोज करना मुल्क और मानवता की सुरक्षा की जरूरतका है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, राकेश मिश्रा, महा सिंह राजपूत, सुभाष भटनागर, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, सोनू लोधी, पंकज लोधी, अजय बाबू गंगवार, कुंवर पाल लोधी आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू तोमर के पदाधिकारियों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर ने एक प्रदर्शन करते हुए जोर-जोर से नारेबाजी करते हुए डीएम के ऑफिस पर पहुंचे जिसमें एक ज्ञापन मौके पर जिला अधिकारी के रूप में स्टेनो को ज्ञापन सोंपा और अपनी समस्याओं का समाधान करने की मांग की ज्ञापन में कहा गया है कि रामपुर जिला अस्पताल अपनी बदहाली पर रो रहा है सभी डॉक्टर मौज मौज ले रहे हैं जिनकी शिकायत आज हमने की है पहले इसकी शिकायत सीएमएस और सीएमओ को भी दे चुके हैं जिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने अपने बयानों में जानकारी दी जिला रामपुर में झोलाछाप डॉक्टर बड़े डॉक्टर की सहमति से चांदी काट रहे हैं क्योंकि उन्हें कोई डर नहीं है कई जगह के डॉक्टरों की शिकायत देने पर डॉक्टरके खिलाफ कोई संज्ञान नहीं लिया गया। बिजली विभाग अपनी मनमानी पर उतारू है शिकायत देने पर भी कोई सुनवाई नहीं की जाती है। स्मार्ट मीटर जो लगाए जा रहे हैं गरीब जनता कैसे उसका भुगतान कर पाएंगी अगर भुगतान नहीं करेगी तो बिजली विभाग उन्हें अंधेरे में रखेगा। संजा. ेर अली पाशा ने कहां हम इसकी शिकायत दिल्ली के अधिकारियों से भी करेंगे। रामपुर की तहसीलों में किसानों का उत्पीड़न हो रहा है एक खतौनी मिलने पर या कोई नपत करने पर तहसीलदार लेखपालों को कड़े निर्देश नहीं देते जिससे किसान परेशान होकर नाराजगी जाहिर करता है। इस बात को लेकर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाश उचित कार्रवाई के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शावेज खां, नासिर मियां, शाबाश मियां, मुन्ने, जुनैद खान, भोले, इस्लाम नवी, अय्यूब, गुड्डू, रेहान खान, अजमल खान, भूपेंद्र मौर्य, सुनील मौर्य, सुम्भेरी सिंह, तोताराम, जगदीश सागर, रमेश आदि लोग मौजूद रहे।



# जरी जरदोजी ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए 20 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद को सामान्य वर्ग के 25 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लक्ष्य प्राप्त हुए है। सभी प्रशिक्षणार्थियों को जरी- जरदोजी ट्रेड में प्रशिक्षण दिए जाने हेतु चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि चयनोपरान्त मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड नजीवाबाद बिजनौर द्वारा तहसील, ब्लाक व जनपद स्तर पर प्रशिक्षणार्थियों के समूह में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जायेगा, जिसके लिए 20 मई, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां अपना आवेदन पत्र



upkvib-gov-पद पर ऑनलाइन सेवाओं में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत (जिनकी जनसंख्या 20000 से अधिक न हो) का मूल निवासी हो आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा शिक्षित होना अनिवार्य है। प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों से प्रशिक्षणार्थियों का चयन स्कोर कार्ड के आधार पर किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बी-6 मुरारी लाल का बाग दूरभाष नम्बर 0595-2350926 पर सम्पर्क कर सकते है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम DEVINDER SINGH से बदलकर DEVENDER SINGH पुत्र बलवन्त सिंह ग्राम नवाबगंज तहसील बिलासपुर रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से पुकारें।



# 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

● **महेन्द्र सिंह धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए**

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा।

नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगख्रष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों काट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए। सीएसके के मिडिल आर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ संचुरी रही।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी मजबूत पकड़ बनाने उतरेगी

● **लखनऊ पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी, लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है**

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार चार जीत और विराट कोहली की शानदार फॉर्म से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत बनाने मैदान में उतरेगी। कल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी। लखनऊ 11 मैचों में पांच मैचों में जीत के साथ तालिका में दस अंक के साथ सातवें पायदान पर है। टूर्नामेंट में आरस. िबी की बल्लेबाजी शानदार रही है और उसके धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने लगातार चार अर्द्धशतक लगाकर बेहतर फार्म में दिख रहे हैं। जैकब बेथेल, टिम डेविड और विस्फोटक रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ियों के दमदार समर्थन के साथ, मेहमान टीम के पास एक गहरी और बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी की जीत की संभावना लखनऊ से थोड़ी अधिक है और वे लगातार पांचवीं जीत हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेंगे। अगर उन्हें इस मुकाबले में जीत हासिल होती है तो उनके प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की हाल के हफ्तों में अभियान की गति कम हुई है। मध्य सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद मेजबान टीम लगातार तीन हार का सामना कर चुकी है। उनका गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफल रहा है उनके गें. दबाजों ने अधिक रन दिये है तथा स्टार बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी है। लखनऊ टीम की अगुआई कर रहे ;षभ पंत बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं इसके अलावा निकोलस पूरन, डेविड मिलर तथा आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को मैच विजयी योगदान में बदलने में विफल रहे हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर आवेश खान और मयंक यादव महंगे रहे हैं, जबकि दिग्वेश लसह राठी ने कभी-कभार विकेट लेने के बावजूद उनकी एकरूपता कमी देखी गई है। वहीं आरसीबी की गेंदबाजी इकाई अधिक संतुलित दिखाई देती है। जॉश हेजलवुड की जगह लेने वाले लुंगी एनगिडी ने अपने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर क्रुणाल पांड्या बीच के ओवरों में रनों पर रोक लगाने और विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रहा है और यहां की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला पेश किया है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को अधिक सफलता मिली है, उन्होंने इस स्थल पर खेले गए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है।

## मैंने अभी भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया: धोनी

■ **आईपीएल से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं जुलाई में 44 साल के हो जाएंगे**

**मुंबई, वार्ता।** एमएस धोनी ने बुधवार को सीएसके और केकेआर मैच के बाद कोलकाता में साफ कर दिया कि उनका अभी आईपीएल से संन्यास लेना तय नहीं है और समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। इस सीजन के खत्म होने के बाद उनकी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया इस मैच में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। चेन्नई ने 2 गेंद शेष रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए। धोनी ने इस मैच में नाबाद 17 रन बनाकर चेन्नई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

धोनी की फिटनेस को लेकर फ्लेमिंग ने दिया था बयान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस को लेकर लगातार 2 हार के बाद अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे और इसी वजह से वे 10 ओवर तक लगातार भाग कर बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। इसी कारण मुकाबले के अनुसार उनकी बैटिंग पोजिशन का फैसला किया जाता है। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। 2026 को ध्यान में रख कर युवाओं को दे रहे हैं मौका सीएसके प्लेआफ से बाहर हो चुका है। धोनी ने कहा कि अभी युवाओं को परखने का अच्छा समय है। सीएसके इस सीजन के अपने आखिरी कुछ मैचों का उपयोग आईपीएल 2026 के लिए तैयारी करने के लिए कर रहा है। धोनी ने कहा कि ये वे खिलाड़ी हैं जो अभी हमारे साथ हैं। इसलिए हमारे पास उन्हें परखने का मौका है। आप उन्हें नेट्स में देख सकते हैं। आप उन्हें अभ्यास मैच में देख सकते हैं लेकिन असली मैच जैसा कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। हमारे पास तीन गेम बचे हुए थे, ऐसे में हम उन्हें मौका देकर परखना चाहते हैं।



## एम्मा राडुकानू व कैमरन नोरी इटालियन ओपन में दूसरे दौर में

■ **पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया**

**रोम, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओं' कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओं' कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रावलपिंडी में होने वाला पीसीएल मैच रद्द

**रावलपिंडी, वार्ता।** भारत के ड्रोन अटैक के बाद रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशावर जलमी के बीच होने वाला मैच कैंसिल कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने एक पूर्व क्रिकेटर के हवाले से लिखा कि विदेशी खिलाड़ी गहरे सदमे में हैं। कई खिलाड़ी अब जल्द से जल्द देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी ने लिखा कि पाक क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पीसीएल के बचे हुए मैच कराची, दोहा और दुबई में शिफ्ट करने की सलाह दी है। पीसीबी सरकार से सलाह-मशविरा करने के बाद कोई फैसला लेगा। आपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई में भारत का एक ड्रोन रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गिरा, इससे स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि पाक सरकार ने इसे आसमानी बिजली बताया है। रात 8:30 बजे से होना था कराची-पेशेवार मैच कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच का मुकाबला रात 8:30 बजे खेला जाना था। कराची की टीम पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। जबकि पेशेवर की टीम 5वें स्थान पर है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना गर्व की बात: पंकज

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि वह अपने राज्य बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े हैं। मशहूर अभिनेता और बिहार का गर्व, पंकज त्रिपाठी, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ गए हैं। यह बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में हुये उद्घाटन समारोह को उसकी भव्यता के लिए सराहा गया है और पंकज त्रिपाठी को बिहार का प्रेरणास्त्रोत चेहरा बनाकर आमंत्रित किया गया है। बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव बन गया है। देश के कोने-कोने से युवा खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

## ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड व राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं गुरुवार को झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा।

## चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166-80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में द. अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

# टेस्ट में फ्लाप रोहित के लिए विश्व कप आखिरी लक्ष्य

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद रेड बॉल से लिया संन्यास, उतार-चढाव भरा रहा करियर**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को 2 आईसीसी ट्राफी जिता चुके रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने शाम 7.30 बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

रोहित वनडे और टी-20 में तो बतौर प्लेयर और कप्तान बेहतरीन रहे, लेकिन रेड बाल में उस कामयाबी को दोहरा नहीं सके। 11 साल के टेस्ट करियर में रोहित ने 67 टेस्ट खेले और 12 शतक लगाकर 4301 रन बनाए। उनकी कप्तानी में टीम ने 50प्रतिशत टेस्ट जीते, लेकिन होमग्राउंड पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इतिहास में पहली हार झेलनी पड़ गई। आस्ट्रेलिया से भी 10 साल बाद सीरीज में हार मिली, जिस कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी। 2007 में भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू करने वाले रोहित शर्मा को टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में आखिरकार उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में मौका मिला, लेकिन मैच से ठीक पहले उन्हें एंकल इंजरी हो गई। जिस कारण उनका इंतजार और भी ज्यादा बढ़ गया। इंटरनेशनल डेब्यू के 6 साल बाद 2013 में आखिरकार रोहित को फिर टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। इस बार मौका क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के करियर की आखिरी सीरीज में मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 नवंबर 2013 को रोहित ने डेब्यू किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उन्हें नंबर-6 पर बैटिंग करने का मौका मिला। रोहित ने अपने पहले ही टेस्ट में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला।

## लाल गेंद से 'हिटमैन' का सफर शानदार रहा: BCCI

**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के हर प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतर्राष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40-57 की औसत से 4,301 रन बनाए, इसमें 12 शतक और करियर की 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल हैं। रोहित ने भारतीय टेस्ट टीम के 35वें कप्तान के रूप में 24 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

# वरुण पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया



■ **बीसीसीआई ने जुर्माने के साथ एक डिमेरिट पाइंट भी दिया, ब्रेविस को आउट करने के बाद जाने का इशारा किया था**

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट पाइंट दिया है।

हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था।

माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुर्माना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रे. विस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे। 180 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 60 रन पर ही उसके 5 विकेट गिर गए थे। लेकिन, ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 30 रन बनाए। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए और उनके विकेट ने केकेआर को खेल में वापस ला दिया। उनका विकेट वरुण ने लिया।

# पाक अटैक के बीच दिल्ली-पंजाब IPL मैच रद्द

**धर्मशाला मैदान में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला गया**

**धर्मशाला, वार्ता।** पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद हैं और सभी फैंस को बाहर निकाला दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खेल रोके जाने तक पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला मैदान पर चल रहे आईपीएल मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गई हैं और फैंस को बाहर निकाला जा रहा है। 11वें ओवर में पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पारी के 10वें ओवर में प्रियांश आर्या ने कुलदीप यादव की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने भी चौका लगाया।

उन्होंने फिफ्टी पूरी की है। 9वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने माधव तिवारी के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री के पार पहुंचाया। इसी के साथ पंजाब का स्कोर 100 पार पहुंच गया। टीम के ओपनर्स क्रीज पर थे। 7वें ओवर में प्रियांश आर्या ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टीम ने शुरुआत 6 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बना लिए हैं। टीम के ओपनर्स नाबाद रहे। पंजाब ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। दुष्मंथा चमीरा के ओवर की आखिरी बाल पर प्रियांश आर्या ने चौका लगाते हुए स्कोर 50 पार पहुंचाया।

इसी के साथ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। मैच का पहला ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क ने 11 रन खर्च किए हैं। प्रियांश आर्या ने उनके ओवर की पहली दो बाल पर लगातार दो चौके लगाए। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर बैटिंग चुनी।

टीम ने प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स ने करुण नायर और विपराज निगम को बाहर किया। समीर रिजवी और माधव तिवारी को मौका मिला।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 9 मई 2025

## धारदार-संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया

बौखलाहट कहें या पूर्व में ही की गई बड़ा तैयारी आपरेशन सिंदूर के अगले दिन बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने रूस से मिल एसएस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये नाकाम कर दिया, इतना ही नहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ही तबाह कर दिया। बताते चलें कि भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एसएस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। ज्ञात रहे कि भारत ने बुधवार को भोर से पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान -अधिकृत-कश्मीर में नौ जगहों पर सटीक सैन्य हमलों को अंजाम दिया। भारत ने कहा था कि ये हमले आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों को नष्ट करने तथा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पार से ऐसे और हमलों को हरोकने के साथ-साथ भयावरोध पैदा करने के लिए हैं। बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर निशाने चुनकर 26 लोगों की हत्या की थी। इस बार भारत की प्रतिक्रिया ज्यादा धारदार और ज्यादा संकल्पबद्ध रही है। मुरीदके और बहावलपुर पंजाब में हैं, जो पाकिस्तान के शासक अभिजात वर्ग की हृदयस्थली है। यह वर्ग आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलता रहा है। पाकिस्तान ने परमाणु भयादोहन की छतरी तले, दशकों से, आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जंग के सस्ते हथियार के रूप में किया है। भारत इसका उपयुक्त जवाब तलाशने की कोशिश करता रहा है। पहले बालाकोट, और अब ऑपरेशन सिंदूर से, यह बात साफ है कि भारत अपने खिलाफ किसी आतंकवादी हमले की स्थिति में आर्थिक और कूटनीतिक उपायों के अलावा, खुली सैन्य प्रतिक्रिया का रास्ता भी अपना सकता है। भारत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि बुधवार को कोई नागरिक, आर्थिक या सैन्य निशाने नहीं थे। पाकिस्तान ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाले हैं, बल्कि पश्चिम के लिए सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को भी पनाह दी, जबकि उस समय वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का सहयोगी होने का दावा कर रहा था। पाकिस्तान अलग तरह से व्यवहार करे, इसके लिए उसके चरित्र में तब्दीली लानी होगी। भारत ने अन्य देशों से संपर्क किया है और वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान को जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की खातिर अपने पर्याप्त प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिए। जवाबी हमलों के अलावा, पहलगाम मामले में जांच पुरजोर तरीके से जारी रहनी चाहिए और उसे उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। भारत को पाकिस्तान के टकराव बढ़ाने वाले कदमों पर भी नजर रखनी चाहिए और उसका सैन्य व कूटनीतिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं



भारत सरकार की ओर से आपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है, प्रेस ब्रीफिंग में विद.ेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान उकसाएगा तो भारत तैयार है, रात के ही बजे के बाद ही स्ट्राइक की गई, ताकि नागरिकों को नुकसान न हो, टारगेट सिर्फ आतंकी अड्डे थे, न कि पाक सेना या सरकारी संस्थान, भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की, यह अहम है कि फ्रांस, रूस और इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, जबकि चीन ने भी संयम और बातचीत की सलाह दी है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

## सोशल मीडिया युग में करुणा की कैद





**प्रियंका सौरभ**

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में क़ैद होती जा रही हैं। आज अधिक.ांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता हैकृक्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां नेकी कर दरिया में डाल की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है।

एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, ह्वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई

**भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है, आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है, किसी की मदद करने के बाद हमे तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह आप तो बड़े नेकदिल हैं**

दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती हैकृसंगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शनः 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं 'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था। आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है) उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनी.तिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है। सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है। क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं। यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को श्कंटेंटश बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं। आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है बिना कोई सबूत मांगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदलता कश्मीर और एक नई राजनीतिक सोच की जरूरत



**विरेश तरार**

**2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था, गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई**

हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में जो घटनाएं घटीं, विशेषकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार वहां की जनता ने आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया, वह कश्मीर को लेकर एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक निर्णायक मोड़ माना जा सकता है जिसने न केवल घाटी के भीतर बदलाव की बयार बहाई है, बल्कि पूरे देश के मानस में कश्मीर को लेकर बना वर्षों पुराना 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का परसेप्शन भी डगमगाया है। पहलगाम हमले के बाद जिस प्रकार आम कश्मीरी सड़कों पर निकल कर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के एजेंडे को करारा जवाब दिया है। यह संदेश स्पष्ट है अब कश्मीर के लोग आतंकवाद नहीं चाहते। उन्हें समझ आ गया है कि आतंकी गतिविधियां न केवल उनके आर्थिक स्रोतों को समाप्त करती हैं, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती हैं। टूरिज्म जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, आतंकवाद के रहते विकसित हो ही नहीं सकता। यही समझ आज घाटी के लोगों को भारत की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस बदलते कश्मीर के पीछे निस्संदेह केंद्र सरकार की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियानों की बहुत बडी भूमिका है। लेकिन यहां हमें एक जरूरी विमर्श की ओर भी बढ़ना चाहिए




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर देश में जो राजनीतिक धारणा बनी है, क्या अब उसे पुनर्परिभाषित करने का समय नहीं आ गया है।

बीते दशकों में भाजपा को अक्सर कट्टर हिंदुत्व और मुस्लिम विरोध की राजनीति से जोड़ कर देखा गया। मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था। गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी सरकार में नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों के माध्यम से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर सड़कों और परिवहन में हुए अभूतपूर्व सुधारों ने आम जनता को यह भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार विकास की संवाहक है। रेलवे, हवाई यातायात, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भी भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में ऐसा केवल 10-15 प्रतिशत तबका है जो कट्टर हिंदुत्व के आधार पर भाजपा का समर्थन करता है। लेकिन मोदी सरकार को बार-बार जनादेश इसलिए मिला क्योंकि जनता के बड़े वर्ग ने उन्हें विकास और कानून-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। इस पृष्ठभूमि में आज यह आवश्यक हो गया है कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों को यह विचार करना चाहिए कि क्या धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिए। क्या पार्टी को केवल विकास और समावेशी राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलना चाहिए। आर एस एस जैसी संस्था को भी अपने कट्टरपंथी छवि को त्यागकर एक समावेशी, भारतीय मानवतावादी विच.ारधारा के साथ आगे आना चाहिए। भाजपा को चाहिए कि वह कॉरपोरेट केंद्रित विकास से हटकर गांव, कृषि और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दे। आज का भारत बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही आवाज उठ रही है आतंकवाद नहीं, विकास चाहिए। और यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से अलग होकर मानवता की नींव पर खड़ी हो। निश्चित रूप से, यही वह सोच है जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने वाले दशकों तक मजबूती से टिकाए रख सकती है कृ न कि कट्टर विच.ारधाराएं, जो अब जनभावनाओं से मेल नहीं खातीं।

# पहले सर्जिकल फिर एयर स्ट्राइक, अब ऑपरेशन सिंदूर

## भारत के तीन प्रहारों से दहल उठा पाकिस्तान



हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी, ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले की पीड़ित उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी



**अशोक भाटिया**

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1.44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।

जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# अनार के साथ न खाएं ये चीजें सेहत को हो सकता है खतरा

अनार एक ऐसा फल है जो टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। अनार को आप स्नैक्स के साथ-साथ सलाद या स्मूदी आदि में शामिल कर सकते हैं। यह फल विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर है। इसके सेवन से ना केवल इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि यह पाचन सुधारने और आपकी स्किन को ग्लो पाने में मदद मिलती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। अनार के साथा कुछ फूड्स का सेवन पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है या फिर इससे आपके शरीर को अनार के पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स...

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति संसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

### सिट्रल फल...

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है। इन दोनों को साथ में लेने से एसिड उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे हार्टबर्न और पेट की समस्या हो सकती है।

### अनानास...

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।

# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाक का दावा निकला कोरा शिगूफा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहे और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आए कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है।

सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस राफेल जेट को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था। भारत ने पाकिस्तान के ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया है जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

आसिफ ने यह भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ता है, तो वास्तविक खतरा परमाणु युद्ध का है। पाकिस्तान ने भारत की ओर से सीमा पार किए गए हमलों को युद्ध की एक स्पष्ट कार्रवाई करार दिया है। उसने कहा कि छह पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें दो दर्जन हथियारों से हमला किया गया जिसके कारण 31 नागरिकों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।

## शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति को भाई कहा

### चीन-तुर्की के अलावा कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को भाई कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी दी है और कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्की की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्की ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन किया था और इसे संप्रभुता का उल्लंघन माना था। पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भारत का सपोर्ट करते हुए लिखा कि किसी भी देश को दूसरे देश की जमीन से अपना यहां हो रहे हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। भारत का आतंकी ठिकानों पर हमला सही है। आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दे सकते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रुबियो ने कहा है कि शांतिपूर्ण समाधान समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा-यह बहुत भयानक है। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं, मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई है।

## संरा महासभा ने भारत व पाक युद्ध पर जताई चिंता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा, मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं।

मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बात. चीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थाई शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अटारी बाघा सीमा चौकी बंद करने, व्यापार एवं हर प्रकार के लेन देन को बंद करने, वीसा रद्द करने और सिंधु जल संधि पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके बाद छह एवं सात मई के दरमियानी रात में भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया है।

## यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा: जर्मनी

**मॉस्को।** जर्मनी के नए चांसलर फेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। मर्ज़ ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की जिसका प्रसारण वेल्ट टेलीविज़न चैनल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यूरोप की निवारक प्रणाली और रक्षा क्षमता को तुरंत मजबूत किया जाना चाहिए। फरवरी 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विस्तार से बताया कि रूस, नाटो देशों पर हमला नही करने जा रहा है, इसका कोई मतलब नही है। रूसी नेता ने कहा कि पश्चिमी राजनेता नियमित रूप से एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपने लोगों को डराते हैं।

## पाक, ईरान से 2200 से अधिक परिवार लौटे



**काबुल।** अफगानिस्तान के कुल 2276 परिवार रविवार से मंगलवार तक तीन दिनों में पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौटे जिनमें 12,565 सदस्य हैं। वापसी की समस्याओं के समाधान के लिए अफगानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार से, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार से, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार से और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार से घर लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। यूएनएचसीआर के अनुसार अप्रैल में 250,000 से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौटे हैं। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, वर्तमान में ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने अनिर्दिष्ट विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को समाप्त करने और अपने घरों को लौटने के लिए कहा है। उच्चायोग ने कहा कि अफ़गानिस्तान की अंत. रिम सरकार बार-बार अफ़गान शरणार्थियों से विदेश में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त मातृभूमि के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका से सीधी परमाणु वार्ता नहीं होगी: ईरान



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी परमाणु वार्ता और दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक हालिया मीडिया रिपोर्ट और वाशिगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता और ईरानी और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। बाघई ने इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट की एक हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान के प्रेस टीवी पर यह टिप्पणी की जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमे. रिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अंतर को पाटने के लिए ओमानी मध्यस्थता प्रयासों से निराशा के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी परमाणु वार्ता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मीडिया की उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता भी शामिल है के बारे में सभी अपडेट (ईरानी) विदेश मंत्रालय द्वारा पारदर्शी, पेशेवर और समयबद्ध तरीके से बताए जाते हैं। अराघची और विटकॉफ के नेतृत्व में ईरान और अमे. रिका के प्रतिनिधिमंडलों ने अब तक अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर आयोजित किए हैं। पहला और तीसरा दौर 12 अप्रैल और 26 अप्रैल को ओमान की राजधानी मस्कट में और दूसरा 19 अप्रैल को रोम में आयोजित किया गया था। चौथा दौर जो मूल रूप से 3 मई को रोम में होने वाला था, मध्यस्थ ओमान द्वारा तार्किक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया था। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से संबद्ध नूर न्यूज़ ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर रविवार को मस्कट में आयोजित किया जाएगा। हालांकि बाघई ने बुधवार को पहले कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तिथि और स्थान अभी तक निर्धारित नही किया गया है।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता होगा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** भारत व यूनाइटेड किंगडम के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डा. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहा. सिक समझौते के लिए बधाई दी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

## लंका की सत्तारूढ़ पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल की

**कोलंबो।** लंका के सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में 43.26 प्रतिशत वोट के साथ जीत और 3,927 परिषद सीटें हासिल की हैं। चुनाव आयोग के बुधवार को जारी अंतिम परिणामों के अनुसार, मंगलवार को देशभर में हुए चुनावों में एनपीपी ने द्वीप के 339 स्थानीय सरकारी निकायों में से 266 में अपना दबदबा कायम किया। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) 21.69 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसने 1,767 सीटें जीती और 13 स्थानीय सरकारी निकायों में आगे चल रहा है। इस बीच, प्रमुख तमिल पार्टी इलंकाई तमिल अरासु काची (आईटीएके) ने 377 सीटें जीती और 37 स्थानीय सरकारी निकायों पर नियंत्रण किया। लंका मुस्लिम कांग्रेस (एसएलएमसी) ने 116 सीटें हासिल की और पांच स्थानीय सरकारी निकायों में आगे रही। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनावों के लिए 17,156,338 पंजीकृत मतदाताओं में सक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

## साइबर सुरक्षा: 3 अरब यूरो का निवेश करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि देश के सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना के तहत, साइबर सुरक्षा विकसित करने पर लगभग तीन अरब यूरो खर्च करेगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संसद में बताया कि देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए एक औद्योगिक व तकनीकी योजना के तहत तीन अरब यूरो साइबर सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे। यह राशि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने में लगेगी, इसमें स्पेन की अच्छी विशेषज्ञता है। सांचेज़ ने बताया कि स्पेन हर साल बुनियादी ढांचे पर हजार से अधिक साइबर हमलों का सामना करता है।

## इज़रायली हमले में 82 की मौत

### अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां व बाजार को बनाया निशाना

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में बुधवार को कम से कम 82 फलस्तीनी मारे गए एवं कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा ने यह जानकारी दी है। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार गाजा शहर के पश्चिम में अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां और घनी आबादी वाले बाजार को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 39 लोग मारे गए और 86 अन्य घायल हो गए है। अल-शिफा अस्पताल में इलाज करा रहे 27 वर्षीय इब्राहिम साद ने कहा कि मैंने पहले सीटी सुनी, फिर विस्फोट-मैंने चारों ओर शव पड़े देखे जिनमें दो बच्चे शामिल थे जो कॉफी बेच रहे थे और एक अन्य मकई बेच रहा था। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अबू सालेह अब्दो ने कहा कि हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। इससे पहले दिन में गाजा शहर के पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में अल-करामा स्कूल पर एक इज़रायली हमले में 19 लोग मारे गए जिनमें से कई विस्थापित नागरिक थे जो शरण की तलाश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल पर कथित तौर पर दो बार हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि अतिरिक्त इज़रायली हवाई हमलों ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 24 और लोगों की जान ले ली। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इज़रायली सेना ने 24 घंटे के भीतर नागरिक सुविधाओं पर चार नरसंहार किए। उन्होंने दावा किया कि हमलों का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक हताहत करना है। इज़रायली सेना ने इन कथित हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच तटीय एन्क्लेव में कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे फलस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायली बलों के बीच लड़ाई जारी रही। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने अलग-अलग बयानों में कहा कि उसके लड़ाकों ने खान यूनिस और राफ़ा के दक्षिणी शहरों में इज़रायली बलों को निशाना बनाया, जिससे सैनिक हताहत हुए हालांकि कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।


## मीडिया के क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग मजबूती की ओर: पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मीडिया क्षेत्र में देश का चीन के साथ सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

पुतिन ने बुधवार को द बीकन ऑफ द वर्ल्ड और न्यू हिस्टोरिक फ्रंटियर्स फोरम के प्रतिभागियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा, मीडिया क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है। यह मॉस्को और बीजिंग के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का दृश्यमान घटक के रूप में कार्य करता है।

## 19वीं सदी के जहाज का मलबा मिला

**कैनबरा।** शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नही हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम के नेतृत्व में यह खोज अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें कई संस्थानों और नीदरलैंड की सरकार ने सहयोग किया। म्यूज़ियम के जेम्स हंटर ने कहा, अब हमें लगभग पूरा यकीन है कि यही वह जहाज है, लेकिन अगर उस पर नाम की घंटी मिल जाए तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।



800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास डूब गया था।